नई दिल्ली
शनिवार, 13 सितंबर 2025
अशिवन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 150
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,904.70 | 355.97 ▲ |
| निफ्टी | 25,114.00 | 108.40 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,800/- | 700/- ▲ |
| चांदी | 1,32,000/- | 4000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.28 | 7 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 66.80 बैरल 0.65% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


भारत सरकार

असम सरकार

100 YEARS OF THE Bard

'विस्तार है अपार... प्रजा दोनों पार... करे हाहाकार...
नि:शब्द सदा, ओ गंगा तुम, ओ गंगा बहती हो क्यों?
नैतिकता नष्ट हुई, मानवता भ्रष्ट हुई
निर्लज्ज भाव से बहती हो क्यों?
इतिहास की पुकार, करे हुंकार,
ओ गंगा की धार, निर्बल जन को, सबल संग्रामी,
समग्रगामी, बनाती नहीं हो क्यों?'

(मूल असमिया गीत का हिंदी रूपांतरण पंडित नरेन्द्र शर्मा द्वारा)



भारत रत्न से सम्मानित सुधाकंठ

# डॉ. भूपेन हाजरिका

के जन्म शताब्दी समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

गरिमामयी उपस्थिति

**श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य**
राज्यपाल, असम

**डॉ. हिमंत विश्व शर्मा**
मुख्यमंत्री, असम

**श्री सर्बानंद सोनोवाल**
केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

**श्री पेमा खांडू**
मुख्यमंत्री, अरुणाचल प्रदेश

**श्री बिमल बोरा**
मंत्री, असम सरकार

**श्रीमती बिजुली कलिता मेधी**
सांसद

DIPR/D/HBI/388/13-Sep-25

कार्यक्रम में बजाए जाने वाले गानों को यहा स्कैन करें

१३ सितंबर २०२५ शाम ५ बजे
पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय मैदान, खानापारा, गुवाहाटी

कार्यक्रम का प्रसारणः डीडी न्यूज़ पर

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रसारित | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

## नाइजीरियाई नागरिक समेत तीन गिरफ्तार

# इंटरनेशनल ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ सवा दो करोड़ रुपए की कोकीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आरके पुरम क्राइम ब्रांच ने ड्रग तस्करी के मामले में तीन आरोपियों चिमेजी लाजारस इंडिंजे उर्फ जूडो, राहुल वाधवा और अब्दुल कादिर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2.25 करोड़ रुपये मूल्य की कुल 194 ग्राम कोकीन बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार 6 सितंबर को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि राहुल वाधवा और अब्दुल कादिर नामक दो व्यक्ति रोहिणी सेक्टर 36 इलाके में कोकीन की एक खेप पहुंचाने वाले है। सूचना को पुख्ता कर एनडीआर टीम ने रोहिणी में जाल बिछाया। दोपहर लगभग तीन बजे, सेक्टर 37, हेलीपोर्ट की ओर से एक होंडा सिटी कार आई और निर्धारित स्थान पर खड़ी हो गई। मुखबिर ने चालक की पहचान राहुल वाधवा के रूप में की। 10 मिनट बाद बरवाला गांव की ओर से एक पैदल शख्स आया, जिसकी पहचान अब्दुल कादिर के रूप में हुई। दोनों कार के पास मिले और थोड़ी बातचीत के दौरान अब्दुल कादिर ने राहुल वाधवा को एक पैकेट सौंप दिया। इस लेन-देन को एक ड्रग सौदे के रूप में पहचानते हुए छापेमारी दल ने तुरंत दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। व्यक्तिगत तलाशी लेने पर अब्दुल कादिर से 54 ग्राम कोकीन बरामद हुई। राहुल वाधवा से 31 ग्राम कोकीन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने खुलासा किया कि कोकीन की आपूर्ति महरौली में रहने वाले नाइजीरियाई नागरिक ने की थी। जूडो दिल्ली-एनसीआर में नेटवर्क का मुख्य आपूर्तिकर्ता और नियंत्रक था। 10 सितंबर को गली रेशम अपार्टमेंट वाली, महरौली से जूडो को गिरफ्तार किया। उसके पास से 109 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

# करोड़ों की ऑनलाइन ठगी में शामिल आरोपी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



चेन्नई साइबर क्राइम के वांछित जालसाज दंपति को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और तमिलनाडू पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ठगों के उस गैंग के सदस्यों से जुड़े थे जिन पर लगभग 1 करोड़ 79 लाख रुपये की ठगी को अंजाम देने का आरोप है। आरोपियों के नाम रंजना मौर्य और शिव नंद मौर्य है। इन्होंने ठगों को अपना बैंक खाता मुहैया करवाया था।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार 9 सितंबर को चेन्नई साइबर क्राइम की एक टीम ने दिल्ली पुलिस से दो जालसाजों को गिरफ्तार करने के लिए सहायता का अनुरोध किया था। आरोपी दंपति के खिलाफ चेन्नई के अशोक नगर नगर थाने में चीटिंग का केस दर्ज था। चेन्नई पुलिस द्वारा सूचित किया गया कि आरोपी व्यक्ति के बैंक खाते में ठगी गई धनराशि का कुछ हिस्सा स्थानांतरित किया गया था। यह भी बताया गया कि खाता आरोपी रंजना मौर्य और उनके पति शिव नंद मौर्य, निवासी झाडौदा, थाना वजीराबाद के नाम पर है। इसके बाद चेन्नई पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपियों के आवास और कार्यस्थल पर छापेमारी की और पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी उपरोक्त पते पर स्थायी रूप से रह रहे थे। उन्होंने बताया कि मेरठ (उत्तर प्रदेश) निवासी इमरान उन्हें जानता है। उसके अनुरोध पर उन्होंने इमरान को रंजना मौर्य का बैंक खाता उपलब्ध कराया था।

उसने खाते में पांच लाख रुपये ट्रांसफर किये थे। यह रकम निकालकर इमरान को दे दी गई थी। खाते के इस्तेमाल के लिए उन्हें एक लाख रुपये दिए गए। उन्होंने इमरान का पता और फोन नंबर भी दिया। टीम ने मेरठ में भी छापेमारी की, लेकिन आरोपी इमरान का पता नहीं चल सका। दोनों गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें चेन्नई की संबंधित अदालत में पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया।

## भजनपुरा से खजूरी चौक पर नहीं बल्कि फ्लाईओवर के ऊपर से परिचालित होंगी बसें: मिश्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर- पूर्वी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी मंत्री एवं करावल नगर के विधायक कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली के खजूरी चौक पर लंबे समय से बनी हुई यातायात जाम की समस्या को दूर करने की दिशा में दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अब खजूरी चौक से होकर सिग्नेचर ब्रिज की तरफ जाने वाली बसें सीधे खजूरी फ्लाईओवर के ऊपर से संचालित होंगी। इस बदलाव से न केवल जाम की समस्या कम होगी बल्कि स्थानीय जनता और यात्रियों को भी तेज़, सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। नए प्रावधान के अंतर्गत रूट संख्या 121, 165, 212, 229, 234, 235, 248, 259, 261, 333, 971, औएमएस(-), 165ए, 971ए, 0261, 0ओएमएस (-) आदि की बसें अब फ्लाईओवर से परिचालित होंगी। इससे यात्रियों का समय बचेगा और खजूरी चौक पर यातायात का दबाव भी कम होगा। रूट संख्या 208ए, 210, 227ए, 253, 973, वाईएमएस(-), डी-019, डी-029 आदि की बस सेवाएं पूर्व निर्धारित मार्ग पर चलती रहेंगी। विधायक कपिल मिश्रा ने कहा कि खजूरी चौक पर ट्रैफिक जाम वर्षों से स्थानीय जनता की बड़ी समस्या रही है। हमारी सरकार और डीटीसी द्वारा उठाया गया यह कदम इस समस्या को काफी हद तक कम करेगा। यह बदलाव लोगों की सुविधा, समय की बचत और सुरक्षित यातायात के लिए महत्वपूर्ण है।

## ऊंटों के जरिए शराब तस्करी करने के आरोप में पांच लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण जिला पुलिस ने ऊंटों का इस्तेमाल कर फरीदाबाद से दिल्ली शराब तस्करी करने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम विनोद भड़ाना (48), सुनील भड़ाना (38), राहुल (22), अजय (25) और सौरभ (26) बताये गये हैं। पुलिस ने बताया कि आम रास्तों पर कड़ी निगरानी के कारण आरोपियों के लिए शराब की खेप गाड़ियों से ले जाना मुश्किल हो गया था, इसलिए उन्होंने ऊंटों के जरिए कम भीड़भाड़ वाले रास्तों से तस्करी का अनोखा तरीका अपनाया था। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि तस्करों ने सोच-समझकर ऊंटों का इस्तेमाल शुरू किया और फरीदाबाद तथा दिल्ली के बीच पड़ने वाले जंगलों और निर्जन रास्तों का सहारा लिया। राजमार्गों और जांच चौकियों से बचकर वे शराब को राजधानी तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। डीसीपी ने बताया कि इस अभियान के दौरान तीन ऊंटों को बचाया गया और 42 पेटी शराब बरामद की गई। शराब तस्करी में इस्तेमाल किये जा रहे ऊंटों को संबंधित अधिकारियों के सहयोग से पशु कल्याण एजेंसियों को सौंपा गया है। संगम विहार निवासी अजय और राहुल आदतन अपराधी हैं और उनके खिलाफ पहले भी आबकारी नियमों के उल्लंघन तथा चोरी के कई मामले दर्ज पाये गये हैं। वहीं फरीदाबाद निवासी सुनील और विनोद पर भी पहले दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट को मिली बम की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




दिल्ली उच्च न्यायालय में शुक्रवार को बम की धमकी वाला ई-मेल प्राप्त होने के बाद अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। आनन फानन में पुलिस ने न्यायाधीशों और पक्षकारों को अदालत कक्षों से बाहर निकाला और तलाशी अभियान शुरू किया। कई घंटे चले तलाशी अभियान के बाद पुलिस ने इसे अफवाह किया।

पुलिस के अनुसार अदालत प्रशासन को मिले ई-मेल में उच्च न्यायालय में हमला करने की धमकी दी गई थी। इसके बाद पुलिस और अन्य एजेंसियों को तलाशी अभियान शुरू करना पड़ा। रजिस्ट्रार जनरल को सुबह करीब 8.39 बजे प्राप्त ई-मेल में न्यायाधीशों के कक्षों और अदालत कक्षों में दोपहर के समय विस्फोट की धमकी दी गई थी। जब न्यायाधीश न्यायिक कार्यवाही में व्यस्त थे तो अदालत के कर्मचारी आए और उन्हें बम की धमकी वाले ई-मेल के बारे में बताया। इसके बाद वे अदालत कक्ष से बाहर निकल गए। कुछ न्यायाधीशों ने सुबह 11.35 बजे बाहर जाना शुरू कर दिया, जबकि अन्य न्यायाधीश दोपहर 12 बजे तक अपनी-अपनी अदालतों में काम करते रहे। सुरक्षाकर्मियों द्वारा किए गए सुरक्षा उपायों के तहत सभी को इमारत खाली करने के लिए कहा गया।

## लालबागचा राजा की शोभायात्रा से चोरी किये 45 मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की ईआर 1 टीम ने मोबाइल चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम मोहम्मद शकील, शफीक, शम्शुल हसन और दिलशाद बताये गये हैं। इनके पास से लालबागचा राजा की शोभायात्रा एवं मुंबई के अन्य विसर्जन स्थलों से हाल ही में चोरी किये गये 45 महंगे मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। इन्हें आगे नेपाल भेजा जाना था। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच की यह टीम लंबे समय से मोबाइल चोरी व स्नैचिंग के मामलों की जांच कर रही थी। खासतौर पर उन गिरोहों की जो चोरी के मोबाइल फोन नेपाल में बेचते थे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं. 01, ई–निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण : टेण्डर नं.– "28–जीकेपी–एमडब्ल्यूएस –2025–26" "डीपीटी ऑफ अंडर सलंग कम्पोनेंटस ब्रैकेटस एट मैकेनिकल वर्कशॉप, गोरखपुर" अनुमानित लागत (रू. में): 4382464.00, धरोहर राशि (रू. में): 87700.00, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि: 11:00 बजे दिनांक 06.10.2025, निविदा प्रपत्र का मूल्य:– रू. शून्य, संविदा की अवधि – 12 मन्थस।

उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा मे भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या "http://www.ireps.gov.in" पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./प्लांट**
**यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर**

**मुजाधि/यांत्रिक – 64**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 332 दिनांक 10.09.25 धारा 127 (6) BNS थाना महम जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - रितु
पिता/पति का नाम पत्नी सोमबीर
पता- निवासी गांव भैणी सुरजन जिला रोहतक ।
उम्र- 27 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 10.09.25 को रितु पत्नी सोमबीर निवासी गांव भैणी सुरजन जिला रोहतक अपनी बेटी सना 4 वर्ष को साथ लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9628270142

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 390 दिनांक 04.09.25 धारा 127 (6) BNS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - प्रवीन
पिता/पति का नाम - पुत्र सुखबीर
पता- निवासी गांव डीघल जिला रोहतक ।
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - काले रंग की लाईनदार शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 04.09.25 को प्रवीन पुत्र सुखबीर निवासी गांव डीघल जिला रोहतक कमला नगर रोहतक से घर जाने को कहकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8395902755

पीआरडीएच-1084/11/3894/2026/38666/88/7 दि. 12.09.2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विशाल उर्फ शंकर निवासी मकान CN - 162, बसंत दादा पटेल नगर, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने **FIR No. 02/2021, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ शंकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 02/2021, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विशाल उर्फ शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**श्री सार्थक पंवार**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)**
**न्यायालय कमरा नं. 114, प्रथम तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12201/ON/2025(Court Matter)**

## जल्द ही एनसीएमसी, ऑटोमेटिक टिकटिंग मशीनों से लैस होंगी बसें

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) बसों में अगर जल्द ही आपको ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम यानी कैशलेस यात्रा और नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) प्रयोग करने की सुविधा मिलने वाली है। इससे जहां यात्रियों को नकद भुगतान की चिंता नहीं रहेगी वहीं किसी भी राज्य का यात्री हो वह एनसीएमसी द्वारा डीटीसी बसों में आराम से यात्रा कर सकता है। इसकी शुरुआत में मेट्रो की तरह कैशलेस टिकटिंग का ट्रायल डीटीसी की यू स्पेशल बसों में कर दी गई है। इस बारे में डीटीसी के डिप्टी सीजीएम स्तर के एक अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले कैशलेस टिकटिंग की नई व्यवस्था यू स्पेशल बसों में ट्रायल के तौर पर लागू कर दी गई है। शुरुआत में इसके नतीजे भी सकारात्मक देखे जा रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसी संभावना है कि आने वाले तीन चार दिनों में इस सेवा को राजधानी की सभी सभी बसों में लागू कर दिया जाए। अधिकारी ने बताया कि इसकी शुरुआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कर सकती है।

# एनएसयूआई ने छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए दी बेहतरीन टीम,



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि डूसू छात्र संगठन के लिए एनएसयूआई ने बेहतरीन टीम दी है। सभी उम्मीदवार छात्रों के हितों के लिए लड़ने वाले और बेहतरीन भविष्य के लिए काम करने वाले है। ऐसे में यह पक्का है कि आने वाले चुनाव में चारों पदों पर एनएसयूआई के उम्मीदवार भारी मतों से विजय प्राप्त करने जा रहे है। यादव ने एनएसयूआई द्वारा जारी घोषणा पत्र के दौरान बोल रहे थे। यादव ने कहा कि संगठन ने छात्रों के हितों को पूरी तरह से उठाया है। खासकर महिला शक्ति की झलक घोषणा पत्र में साफ देखी जा सकती है। यह घोषणा पत्र नहीं बल्कि एक एक छात्र के हक के मुददे है जिन्हें एनएसयूआई पूरा करके दिखाएगी। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई पैनल में अध्यक्ष पद के लिए जोसलीन नंदिता चौधरी, उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल झांसला, सचिव पद के लिए कबीर और सहसचिव के लिए लवकुश भड़ाना का पैनल 4-0 से जीत दर्ज करने में सक्षम है। जानकारी अनुसार इससे पहले प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव युवा कांग्रेस कार्यालय रायसीना रोड़ पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मीडिया के समक्ष एनएसयूआई पैनल के चारो उम्मीदवारों के बारे में विस्तार से चर्चा की और कहा कि यह पैनल डूसू चुनाव में क्लीन स्वीप करने की क्षमता रखता है। यादव ने कहा कि 18 सितम्बर को होने वाले डूसू चुनाव में एनएसयूआई के चारों उम्मीदवार जीत का परचम लहराएंगे और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों की समस्याओं का पूर्णत हल निकालने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई डूसू चुनाव में नई रणनीति के साथ उतरी है और छात्रों की समस्याओं और उनके भविष्य के मद्देनजर ही अपने चुनाव प्रचार को एजेंडा बनाया है। यादव ने कहा कि गत वर्ष डूसू चुनाव में जीते एनएसयूआई पैनल के अध्यक्ष और सहसचिव के उम्मीदवारों ने छात्र हितों की पूरे जोर शोर से आवाज उठाई और प्रशासन से छात्रों के मुद्दों के लिए पूरे साल लड़ाई लड़ी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपिंदर सिंह**, पुत्रः हरजीत सिंह, पताः म.नं. डी–24–25, गली नं. 28, शिव विहार, चंदर, दिल्ली ने **FIR No. 181/2020, U/s 325/509/506/34 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपिंदर सिंह** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **दीपिंदर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 181/2020, U/s 325/509/506/34 IPC, पुलिस थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपिंदर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.10.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री कोमल गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**पश्चिम जिला, कमरा नं. 292**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12229/OD/2025**

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 23/2025** **प्रकाशन की तिथि : 12.09.2025**

1. **पद का नाम और पद का श्रेणीवार विभाजन :**

आयोग आयुष विभाग, हरियाणा में यूनानी फिजिशियन (ग्रुप–बी) के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पद का श्रेणीवार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :**

| सामान्य/ अनारक्षित | पदों की कुल संख्या |
|---|---|
| 01 | 01 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 16.09.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 06.10.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 06.10.2025 अप. 5:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 11.09.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद–1156/13/353/2026/38667/88/7 दि. 12.09.25

# डीएमआरसी ने मिलाया एल्सटॉम से हाथ, रेड और येलो लाइन का प्रदर्शन सुधारने के लिए बढ़ाया कदम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपनी पुरानी रेड लाइन रिठाला - शहीद स्थल और येलो लाइन समयपुर बादली - मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के परिचालन को सुधारने के लिए एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड (एटीआईएल) के साथ हाथ मिलाया है। शुक्रवार को हुए इस अनुबंध पर मेट्रो भवन में डीएमआरसी के निदेशक बुनियादी ढांचा मनुज सिंघल और एटीआईएल के निदेशक वाणिज्यिक सचिन देवड़ा ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार तथा एटीआईएल के अन्य अधिकारी उपस्थिति थे। इस बारे में डीएमआरसी कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2002 से रेड लाइन और 2004 से येलो लाइन परिचालन में है। ऐसे में बदलती तकनीकी और समय की मांग के अनुरूप इनके परिचालन व रखरखा को बेहतरीन बनाए रखना जरूरी है। इन लाइनों पर वर्तमान में सिग्नलिंग के लिए डिस्टेंस टू गो (डीटीजी) तकनीक का उपयोग किया जा रहा हैं। ऐसे में डीएमआरसी ने अपनी महत्वपूर्ण मेट्रो लाइनों पर सेवा के उच्च मानकों और परिचालन दक्षता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के चलते यह समझौता किया है। डीएमआरसी और एटीआईएल के बीच अनुबंध समझौता 6 वर्षों की अवधि का है, जिसे 2 वर्षों के लिए और बढ़ाने का विकल्प रखा गया है। यह साझेदारी सिग्नलिंग प्रणालियों के लिए पर्याप्त ऑनबोर्ड पुर्जों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और विफलताओं के बेहतर मूल कारण विश्लेषण के लिए मौजूदा डेटा लॉगिंग सुविधा को उन्नत करने पर केंद्रित है। दयाल ने बताया कि अनुबंध के तहत, एल्सटॉम विफलताओं के निदान और सुधार के लिए अपने वैश्विक विशेषज्ञों के माध्यम से निरंतर बैकएंड तकनीकी सहायता भी प्रदान करेगा और सिस्टम ऑडिट आदि भी करेगा। इस सहयोग का प्राथमिक उद्देश्य मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) विशेषज्ञों से निरंतर तकनीकी सहायता के माध्यम से सिस्टम की उपलब्धता, विश्वसनीयता और समग्र प्रदर्शन में सुधार करना है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 20.09.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | निर्माण सदन लोनिवि भ व प कार्यालय भवन, गुरूग्राम हरियाणा में सीवेज ट्रीटमेंट फिल्ट्रेशन सिस्टम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 500 एलपीएच, 1000 पीएच आरई प्लांट और कीट नियंत्रण सेवाओं के प्रावधान द्वारा अपकीपमंट व्यापक वार्षिक प्रचालन व रखरखाव। | बंद होने की तिथि 20.09.2025 | 96.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग हिसार के भवन की मरम्मत और व्हाइट वॉश की विशेष मरम्मत। (केवल ई.आई. के एस/आर का प्रावधान)। | 11.09.2025 17.09.2025 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में वर्ष 2024-25 हेतु नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत एचपीएन रोड (सिंगार) से एचएनपीपी रोड (सोंध) वाया अंधोप खायका आरडी 0.00 से 10.40 कि.मी. (रोड आईडी 3390 और 3374) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सुधार। | बंद होने की तिथि 18.09.2025 | 415.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3 सीएस क्षमता), इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5 सीएस), डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2 सीएस क्षमता), 3 सीएस ईपी सैट के लिए स्टार्टर (20 एचपी)। | 13.09.2025 29.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा में क्वार्टर नं. जे-15 की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 16.09.2025 | 0.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 33.71 - गांव सुरेहती, ब्लॉक साल्हावास में नीम नाथ स्टेडियम की सीढ़ियों के ऊपर शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 08.09.2025 15.09.2025 | 52.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, चरखी दादरी (ब्लॉक बाढड़ा) | गांव मांधी हरिया (ढाणी अहीरान) ब्लॉक बाढड़ा में हॉल का निर्माण (एमपीएलएडीएस स्कीम्स)। | 10.09.2025 16.09.2025 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9671386870 xenprcharkhidadri@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच–11/2026/160/38682/I/88/7 दि. 12.09.25

नई दिल्ली
शनिवार 13 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 150
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## पीएम मोदी ने लॉन्च किया ज्ञान भारतम पोर्टल



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ज्ञान भारतम पोर्टल की शुरुआत की। ज्ञान भारतम एक डिजिटल मंच है, जिसका उद्देश्य भारत की प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और उनके पारंपरिक ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना है। इस सम्मेलन का विषय पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा की पुनर्प्राप्ति है, जो कि 11 से 13 सितंबर तक संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया है। बता दें कि ज्ञान भारतम एक डिजिटल गेटवे के रूप में काम करेगा, जो भारत के प्राचीन ज्ञान को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोलते हुए संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा


# लोग डरते हैं कि अगर 'भारत मजबूत' हुआ तो उनका क्या होगा ? इसीलिए टैरिफ लगा रहे

◆ अमेरिका पर प्रहार करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का?

एजेंसी ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पर टैरिफ इस डर से लगाए गए हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम सिर्फ खुद के बारे में सोचने के रवैए का नतीजा हैं। वे नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि महिलाओं की ओर से संचालित आध्यात्मिक आंदोलन ब्रह्माकुमारीज की तरह आरएसएस भी आंतरिक चेतना को जागृत करने का काम करता है। उन्होंने पकहा कि दुनिया के लोग इस बात से डरते हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा और उनकी अपनी स्थिति क्या होगी। इसीलिए भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ लगाए गए हैं, लेकिन हमने कुछ नहीं किया। जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का? दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिसमें रूस से तेल खरीद पर 25 फीसदी दंडात्मक शुल्क भी शामिल है। भारत ने इन टैरिफ को अनुचित और अतार्किक बताया है।

### नजरिया मैं से बदलकर हम कर लें, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी



*भागवत ने कहा कि जब तक इंसान और देश अपने असली स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पा लें, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा। अगर इंसान अपना नजरिया मैं से बदलकर हम कर ले, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है। उनके सिर्फ मैं वाले रवैए के कारण उनके लिए रास्ता खोजना नामुमकिन है। भागवत ने कहा कि भारत दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने और आगे का रास्ता दिखाने में सक्षम है।*

### भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए

संघ प्रमुख ने कहा कि भारत महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है और वह और बड़ा होना चाहता है। भागवत ने कहा कि भारतीयों में अपनेपन की गहरी भावना होती है और वे अभाव के समय में भी खुश और संतुष्ट रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई अभाव नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर है, तो समय आने पर बदल जाएगा। फिर भी कठिनाई और दुःख में भी, यहां के लोग अपनेपन की इसी भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से होगी बहाल



**जम्मू।** माता वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर से दोबारा शुरू होगी, यदि मौसम अनुकूल रहा। यात्रा को खराब मौसम और ट्रैक की मरम्मत के चलते अस्थायी रूप से स्थगित किया गया था। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि भारी बारिश और ट्रैक की सुरक्षा के लिहाज से यात्रा को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया था।

### बांके बिहारी मंदिर में वीआईपी पास बंद



**मथुरा।** बांके बिहारी मंदिर को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एक अहम बैठक हुई, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। अब मंदिर में वीआईपी दर्शन की व्यवस्था समाप्त की जा रही है और आम श्रद्धालुओं को अधिक समय तक दर्शन की सुविधा मिलेगी। गर्मियों में 3 घंटे और सर्दियों में 2.5 घंटे अतिरिक्त दर्शन का समय मिलेगा।

### टेक ऑफ करते ही गिरा विमान का पहिया



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट क्यू400 विमान में शुक्रवार को कांडला हवाई अड्डे से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी आ गई। विमान का एक बाहरी पहिया गिर गया। इस विमान में 75 यात्री सवार थे और यह मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला था। एयरलाइन के प्रवक्ता के अनुसार विमान सुरक्षित रूप से मुंबई में उतरा और किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

### मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर

# पीएम मणिपुर के दौरे पर, 8500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की देंगे 'सौगात'

*मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद उनकी यह यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

**दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प**



**»** ***प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे***

**»** ***वे यहां आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे***

### बाकी 4 राज्यों का भी दौरा

इंफाल के बाद पीएम मोदी असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वहीं, 14 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल और बिहार रहेंगे। 15 सितंबर को ▸▸ शेष पेज 5 पर

### नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया

मोदी के शनिवार को मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। वे मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचेंगे। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी अवांछित वस्तु या व्यक्ति की जांच की जा सके।


### उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके।

### शोक में डूबे भारतीय समुदाय के लोगों ने घटना पर जताई कड़ी नाराजगी

# अमेरिका में भारतीय मूल के शख्स की कुल्हाड़ी से परिवार के सामने की गई बेरहमी से हत्या

◆ भारत के ह्यूस्टन स्थित वाणिज्य दूतावास ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, हम पीड़ित परिवार के निकट संपर्क में हैं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं



आरोपी योर्डानिस _ मृतक चंद्रमौली

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया में हत्या के कई ऐसे वाकिए होते हैं, जिन्हें सुनकर किसी की भी रूह कांप जाए। ऐसा ही एक मामला अमेरिका के टेक्सास के डलास में बीते 10 सितंबर को सामने आया है। जिसमें भारतीय मूल के एक शख्स 50 वर्षीय मोटल मैनेजर चंद्रमौली नागमल्लैया (प्रचलित नाम बॉब) की बड़ी ही बेरहमी से उनकी पत्नी और बेटे के सामने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई है। घटना से जुड़ा पूरा घटनाक्रम डलास के डाउनटाउन सूट्स मोटल में मूलरूप से कर्नाटक के रहने वाले नागमल्लैया द्वारा आरोपी 37 वर्षीय योर्डानिस कोबोस मार्टिनेज के सामने उसकी महिला सहयोगी को टूटी हुई वाशिंग मशीन को इस्तेमाल न करने के लिए कहने से जुड़ा हुआ है। जिस पर आगबबूला योर्डानिस ने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारतीय दूतावास की मामले पर पैनी नजर

*मामले को लेकर अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय के लोग शोकाकुल हैं और उनके मन में इस हृदय विदारक घटना के बाद से खासी चिंता भी बनी हुई है। वहीं, ह्यूस्टन स्थित भारत के वाणिज्य दूतावास ने घटना को लेकर दुख जताते हुए कहा कि दूतावास इस मामले पर बेहद करीब से नजर बनाए हुए है। साथ ही पीड़ित परिवार के साथ भी संपर्क साधा गया है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। आरोपी फिलहाल डलास पुलिस की हिरासत में है। दूतावास ने अपनी एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। दूतावास के प्रमुख डीसी मंजूनाथ ने भी पीड़ित परिवार को हर तरह से सहायता देने की बात कही है।*

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

*सीसीटीवी में यह पूरी घटना कैद हुई है। जिसके वीडियो फुटेज देखने से पता चलता है कि हमले के दौरान नागमल्लैया अपनी जान बचाने के लिए मोटल के पार्किंग एरिया की तरफ भागे थे। लेकिन योर्डानिस ने उनका पीछा किया* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पहली पंक्ति में बैठे धनखड़ बेहद सहज दिखे

## 'इस्तीफे के 53 दिन बाद' धनखड़ दिखे उपराष्ट्रपति की शपथ में खुलकर मिले

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपने पद से इस्तीफा (21 जुलाई) देने के 53 दिन बाद शुक्रवार को पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में दिखाई दिए। पहली पंक्ति में ही बैठे धनखड़ बेहद सहज और अपनी स्वाभाविक मुस्कान के साथ दिखे। धनखड़ के समारोह में पहुंचने पर गृहमंत्री अमित शाह से उनकी भेंट हुई और शाह ने उनका अभिवादन किया। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी इस दौरान हाथों में छड़ी लिए दिखे। वह 2007 से 2017 तक उपराष्ट्रपति रहे थे। शपथ समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत कई सीनियर नेता मौजूद थे। एक तरफ केंद्रीय मंत्री और पीएम बैठे दिखे तो वहीं पहली पंक्ति में ही ▸▸ शेष पेज 5 पर, ▸▸ पढ़ें पेज 07 भी

### यह वार्षिक नीति एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी

## सरकार ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और यूपी में अफीम की खेती के लिए लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए अफीम पोस्त की खेती के लाइसेंस संबंधी वार्षिक लाइसेंसिंग नीति की घोषणा की। यह नीति एक अक्टूबर, 2025 से 30 सितंबर, 2026 फसल वर्ष के दौरान जारी रहेगी। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अनुसार नीति की सामान्य शर्तों के अनुसार, इन राज्यों में लगभग 1 लाख 21 हजार किसान अफीम की खेती के लाइसेंस प्राप्त ▸▸ शेष पेज 5 पर



■ इस बार 15,000 अतिरिक्त किसानों को शामिल किया

### नेपाल में अंतरिम सरकार बहाल

## पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की बनीं पीएम, राष्ट्रपति भवन में हुआ शपथ ग्रहण



**काठमांड।** नेपाल में युवा पीढ़ी के हिंसक प्रदर्शनों के बाद उपजे राजनीतिक संकट के बीच शुक्रवार को पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार की कमान सौंप दी गई। इसके साथ ही वे नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री बन गई हैं। शुक्रवार को उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। इससे पहले नेपाल की संसद को भंग कर दिया गया था। सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति रामसहाय यादव, ▸▸ शेष पेज 5 पर

# 45 मिनट तक राम मंदिर में रहे मॉरीशस के पीएम पत्नी संग किया दर्शन-पूजन, सीएम भी रहे मौजूद

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे विदेशी पीएम जिन्होंने रामलला का पूजन किया



इस दौरान परिवार के सदस्य, मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे

*लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। उनके साथ परिवार के सदस्य,* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हिसार से अयोध्या, दिल्ली और चंडीगढ़ के बाद अब जयपुर के लिए भी हवाई सेवा शुरू

# जल्द ही हिसार से अहमदाबाद और जम्मू तक हवाई सेवाओं का होगा शुभारंभः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली






हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने चंडीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज यह नई उड़ान की शुरुआत नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास, क्षेत्रीय समावेशन और आधुनिक कनेक्टिविटी की दिशा में एक अहम कदम है। हवाई सेवाओं में बढ़ती हरियाणा की पहचान राज्य के आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और समावेशी भविष्य की नींव का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश होने के साथ अब हरियाणा ने नागरिक उड्डयन का विकास करके एयर कनेक्टिविटी में भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में सरकार बनने के समय से ही नागरिक उड्डयन का विकास सरकार की प्राथमिकता रही है। जल्द ही हिसार से अहमदाबाद और जम्मू तक हवाई सेवाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

### पुणे में आयोजित कार्यशाला से इतर पत्रकारों से बातचीत में बोले राजेश सिंह

# सेनाओं के लिए ऑपरेशन सिंदूर बना एक 'रियलिटी चेक', भविष्य में मदद मिलेगी: रक्षा सचिव सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए एक 'रियलिटी चेक' बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा सैन्य अभियान था। जिसके जरिए एक ओर सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया। तो दूसरी ओर उनके सामने वो इलाके मुख्य रूप से उजागर हुए। जिन्हें लेकर हमारा देश सुधार कर सकता है और भविष्य के युद्ध-कौशल से जुड़े हुए बदलाव की अपनी आवश्यकताओं को भी स्वीकार कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से ही हमारा ध्यान कुछ क्षमतागत कमियों की ओर गया है। रक्षा सचिव ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित की गई एक कार्यशाला से इतर पत्रकारों से हुई बातचीत में यह जानकारी दी है। जिसका विषय 'प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं रक्षा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ड्रोन, मानवरहित सिस्टम से बढ़ता खतरा

*उन्होंने ड्रोन और मानवरहित सिस्टम से बढ़ते खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि चुनिंदा क्षमता संबंधी क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनके जरिए रक्षा मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत बनाया जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में क्षमतागत कमियों की तरफ हमारा ध्यान गया है। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक युद्धकौशल, मानवरहित सिस्टम से मुकाबला, मिलिट्री ग्रेड ड्रोन के लिए मजबूत मैन्युफैक्चरिंग बेस मुख्य रूप से शामिल हैं। यहां गौर करने वाली बात यह है कि इन सिस्टम का चुनौतीपूर्ण* ▸▸ शेष पेज 5 पर


### रक्षा-हार्ड पावर पर जोर

*उन्होंने कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक माहौल में रक्षा और हार्ड पावर पर अच्छा खासा जोर दिया जा रहा है। इस मामले में भारत भी अपवाद नहीं है। मेरे विचार से वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थिति के बीच यह पूरी तरह से साफ हो गया है कि दुनिया के अधिकतर देश रक्षा और हार्ड पावर पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। जिसमें हमारी पड़ोस भी शामिल है। इस लिहाज से भारत मामले में कोई अपवाद नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के जरिए हमें इसका अनुभव हुआ है। जो हमारे लिए वास्तविकता को जांचने यानी रियलिटी चेक का एक अवसर है। जहां पर हम अच्छा कर सकते थे और भावी युद्ध-कौशल को लेकर बदलती हुई जरूरतों को भी अंगीकार कर सकते हैं।*

**खबर संक्षेप**

## धोखाधड़ी के मामले में खाताधारक धराया

**फरीदाबाद।** फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर कर्मचारी बनकर 65988 रुपए की धोखाधड़ी करने के



मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाताधारक को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-70 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फ्लिपकार्ट से कुछ सामान ऑर्डर किया था। जिसको वापिस करने के लिए उसने गूगल से फ्लिपकार्ट के कस्टमर केयर का नंबर सर्च करके बात की।

## देसी कट्टा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी अहसान



को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने अहसान निवासी गांव धौज फरीदाबाद को नियर नगर निगम ऑफिस, पटेल चौक रोड एनआईटी-5 फरीदाबाद से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। खिलाफ थाना एनआईटी फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने देशी कट्टा किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपए में बुलंदशहर से खरीदा था।

## अवैध नशा के मामलों में 2 आरोपी पकड़ाएं



**फरीदाबाद।** अपराध अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने नशा उपलब्ध कराने के अलग-अलग मामलों में एक नाइजीरियाई अकपुतौका इमेगासिम व एक अन्य युसुफ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने 10 सितंबर को एक आरोपी लक्ष्य को 11.27 ग्राम एमडीएमए सहित गिरफ्तार किया था, यह अवैध नशा एक नाइजीरियाई व्यक्ति से लेकर आया था, जिस पर कार्रवाही करते हुए अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने अकपुतौका इमेगासिम वासी नाईजीरिया हाल चंद्रा विहार, दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

### मौके से करीब तैयारशुदा 10119 पटाखे, पोटाश व एल्युमिनियम पाउडर बरामद कर दर्ज कराई एफआईआर

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद द्वारा तिगांव क्षेत्र में अवैध रुप से चलाई जा रही पटाखा फैक्टरी पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद ने गुप्त सूचना के आधार जिला फरीदाबाद थाना क्षेत्र तिगांव के गांव अलीपुर के खेतों में अवैध रुप से पटाखा फैक्टरी चलाई जा रही है। जहां पर पोटास आदि अवैध रूप से पटाखे बनाने की सामग्री रखी हुई है, जिससे कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है।

यदि संबंधित विभाग के साथ चैकिंग की जाए तो अवैध रुप से चल रही पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड हो सकता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा गांव अलीपुर के खेतों में अवैध रुप से चलाई जा रही पटाखा फैक्टरी का अग्निशमन, प्रदूषण, बिजली विभाग व स्थानीय पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मालूम हुआ कि इस अवैध पटाखा फैक्ट्री का मालिक रोहित कुमार निवासी रोहिणी दिल्ली है। इस पटाखा फैक्टरी में भारी मात्रा में निर्मित पटाखे व पटाखों के निर्माण



में उपयोग होने वाले विस्फोटक पदार्थ का भंडारण किया हुआ मिला। मौका पर फैक्टरी में 170 पेटी तिल्ली पटाखे पैकिंग शुदा प्रति पेटी 12.500 किलो पटाखे कुल वजन 2125 किलो, 243 कैरिट तिल्ली पटाखे प्रति कैरिट 70 केक तिल्ली पटाखे जिनको पैक किया जाना था का वजन 7994 किलो कुल तैयारशुदा 10119 किलो पटाखों के अलावा पटाखे बनाने के लिए 40 किलोग्राम पोटाश, 5 किलोग्राम एल्युमिनियम पाउडर व 400 किलोग्राम कोयला पावडर व भारी मात्रा में खाली केक, पैकिंग आदि रखा हुआ मिला। इस संबंध में स्थानीय पुलिस द्वारा आरोपी रोहित कुमार के विरुद्ध अभियोग संख्या 114 दिनांक 11-09-2025 धारा 223ए, 288 बीएनएस व धारा 9बी विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत थाना तिगांव में अंकित कराया गया है। यहां पर बिजली चोरी का भी मामला पाया गया। जिसके सम्बन्ध में बिजली विभाग द्वारा अलग से कार्यवाही की गई। इसके अलावा फैक्ट्री मालिक द्वारा प्रदूषण विभाग से भी कोई अनुमति नही ली हुई थी।

### प्रधान करतार सिंह की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से दोबारा प्रधान चुना गया

# सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक में रामकेश सारण को सर्वसम्मति से प्रधान चुना

- निगम बोर्ड के कर्मचारी संगठन भी उपस्थित रहे
- 15 अक्टूबर को जिला सम्मेलन एवं चुनाव संपन्न कराए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बल्लभगढ़ ब्लॉक के चुनाव सर्वसम्मति से आज बस अड्डा परिसर में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह की अध्यक्षता में तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री की देख रेख में संपन्न हुए चुनाव में रामकेश सारण सर्वसम्मति से दोबारा प्रधान चुना गया जबकि वरिष्ठ उपप्रधान श्रीपाल मौर्य, उपप्रधान. बालक राम टूरिज्म, बल्लू चिंडालिया, सचिव, अनिल कुमार रोडवेज, सह सचिव बीना, कोषाध्यक्ष-रोहतास डागर चूक, प्रैस सचिव, अनिल भगवाना, संगठन सुरेंदर खटकड़, ऑडिटर नवीन रावत को चुना गया।

सम्मेलन में स्वास्थ्य जन स्वास्थ्य, हुड्डा, नगर निगम, बिजली विभाग, इरिगेशन, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर सहित अन्य सरकारी, अर्ध सरकारी, निगम बोर्ड के कर्मचारी संगठन भी उपस्थित थे। सम्मेलन का संचालन सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने किया। खत्री ने बताया कि ब्लॉक 16 सितंबर को तिगांव ब्लॉक 19 सितंबर को फरीदाबाद ब्लॉक के चुनाव संपन्न करवाने के बाद 15 अक्टूबर को जिला सम्मेलन एवं चुनाव संपन्न करवाए जाएंगे। सम्मेलन में अन्य के अलावा संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह बालगुहेर, बिजली यूनियन के राष्ट्रीय नेता शब्बीर अहमद, बिजली यूनियन के सर्कल सचिव कृष्ण



**सम्मेलन के मंच से आंदोलन की घोषणा**

*शास्त्री ने कहा कि निकट भविष्य में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ब्लॉकों के चुनाव संपन्न करवाने के बाद सभी जिलो के सम्मेलन आयोजित कर राज्य सम्मेलन के मंच से आंदोलन की घोषणा करेगा उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंदोलन की तैयारी और ब्लॉक और जिला एवं राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने की भी अपील की है।*

कुमार, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव अनिल चिंडालिया आदि मौजूद रहे।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन को लागू करने आठवे वेतन आयोग का प्रदेश में अलग गठन करने गठन होने तक 5000 अंतरिम राहत देने सभी विभागों में रिक्त पड़े सफाई सीवर कर्मचारियो व ग्रुप सी ग्रुप डी के रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम सहित विभिन्न प्रकार के ठेकों, दैनिक वेतनमान पर लगे कर्मचारियों व पार्ट 2, पार्ट 1, पार्ट टाइम कर्मचारियों को 2 वर्ष कार्यकाल पूरा करने पर बिना शर्त पक्का करने की पॉलिसी बनाने की मांग को पूरा करे।

### कथा का आगाज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ

## श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट द्वारा श्रीमद् नारद महापुराण कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट के तत्वाधान में बल्लभगढ़ में शुक्रवार से एक विशाल श्रीमद् नारद महापुराण कथा का आगाज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, इसके बाद अग्रवाल धर्मशाला में कथा के पहले दिन व्यास जी महाराज श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज ने नारद महापुराण के विषय में बताया कि इस महापुराण में सभी देवताओं के साथ-साथ भक्तों की भक्ति का निचोड़ है, उन्होंने कहा की नारद महामुनि की हमेशा प्रत्येक काल में मान्यता रही है जिसको नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि श्री देवगुरु बृहस्पति सेवक ट्रस्ट प्रत्येक 2 साल में एक महापुराण का संगीतमय व्याख्यान करता है, इस बार श्रीमद् नारद महापुराण कथा का आयोजन शुक्रवार को श्री देवगुरु बृहस्पति देव मंदिर पूर्वी चावला कॉलोनी से निकल गई कलश यात्रा के साथ हुआ, इस कलश यात्रा में 251 महिलाओं ने एक जैसे वस्त्र पहने एक जैसे कलश धारण किया, महिला भक्तों की उपस्थिति पूरे वातावरण को भक्ति में बना रही थी, सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष भक्ति श्री देव गुरु बृहस्पति देव की पटका लेकर कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थे। इस कलश यात्रा का रास्ते में जगह-जगह लोगों ने जोरदार स्वागत कर अपने आप को श्रीमद् नारद महापुराण से सीधे तौर पर जोडने का काम किया, कलश यात्रा का लव फार्मेसी नितिन मेडिकल स्टोर, सुमित रिटेल बाजार तथा संजय बैटरी के साथ-साथ मित्तल ट्रेडिंग कंपनी पर जोरदार स्वागत किया गया। कलश यात्रा में दिल्ली रोहिणी से बुलाए गए सिंधी बैंड ने अपनी मधुर धुनों पर सबका मन मोह लिया, कलश यात्रा के



दौरान महिलाओं ने भजनों पर जमकर नृत्य भी किया। कथा के पहले दिन व्यास जी महाराज श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज ने कहा कि भगवान नारद का जीवन प्रत्येक युग में सार्थक ही नहीं बल्कि प्रेरणादायक भी रहा है। व्यास जी महाराज ने कहा कि शक्ति के माध्यम से श्रम करने से धर्म होता है और भक्ति में शर्म करने से भगवान मिलता है और यही ईश्वर प्राप्ति का रास्ता है, उन्होंने कहा कि जो मन को बस में कर ले वही मुनि है और जो काया को बस में कर ले वही ऋषि होता हैं। उन्होंने कहा की कथा सुनने के बाद उसको मन में धारण करके उसी प्रकार का आचरण करना चाहिए। कथा के पहले दिन फरीदाबाद नगर निगम के पार्षद महेश गोयल, मार्केट कमेटी के पूर्व मेंबर हेमराज बंसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल, गिरीश भारद्वाज, फरीदाबाद नगर निगम से सेवा में अधीक्षक अभियंता सतीश चंद्र अग्रवाल, हरियाणा व्यापार मंडल बल्लभगढ़ के प्रेम खट्टर, निगम पार्षद मुकेश डागर, आशा ज्योति विद्यापीठ संस्थान के चेयरमैन एवं वरिष्ठ सत्यवीर डागर, मनोज गुप्ता, संजय बंसल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## फर्जी कॉलसेंटर में काम करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, साइबर थाना सेंट्रल की कार्रवाई

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने एक ठगी के मामले में नोएडा सेक्टर 2 स्थित फर्जी कॉल सेंटर में काम करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तिलपत निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 18 अगस्त को उसके पास एक कॉल आया जिसने अपने आपको बैंक का कर्मचारी बताया तथा क्रेडिट कार्ड पर लगने वाले वार्षिक चार्ज को हटाने के लिए वेबसाइट से एक एप डाउनलोड करने के लिए कहा और एप पर शिकायतकर्ता से उसके क्रेडिट कार्ड डिटेल्स भरवाई, डिटेल भरने के बाद शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 34976 रुपए



कट गए। जिस संबंध मे साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आशीष कुमार निवासी दखिन टोला सिवान बिहार हाल उत्तमनगर नवादा दिल्ली, आकिब खान निवासी गांव सहार जिला आरा बिहार हाल गड्डा कॉलोनी जैतपुर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आकिब की मुलाकात आशीष व मुज्जर हुसैन (कॉल सेंटर संचालक/मालिक) से वर्ष 2023 में नीमका जेल में हुई थी। जेल से बाहर आने के बाद मुज्जर हुसैन के साथ फिर से ठगी का काम करने लगे। आशीष कॉलिंग के लिए डाटा उपलब्ध करवाता था और आकिब ठगी के पैसे से ऑर्डर किये गये सामान को बेचने का काम करता था। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। फर्जी कॉल सेंटर संचालक मालिक मुज्जर हुसैन सहित 5 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### गाजियाबाद की सड़कें होंगी गड्ढा मुक्त, पीडब्ल्यूडी ने शुरू किया अभियान

## रविन्द्र माँदड़ बोले सीएम की मंशा के अनुरूप करेंगे काम, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

भारी बारिश के चलते गाजियाबाद की झज्जर हुई सदके बहुत जल्द ठीक हो जाएगी सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अभियान शुरू कर दिया है। इस संबंध में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंडल ने निर्देश जारी किए हैं की सड़कों को जल्द से जल्द गड्ढा मुक्त किया जाए और गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने वर्षा ऋतु के पश्चात सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया



है। इस अभियान के तहत सबसे पहले उन मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है, जो ज्यादा आवश्यक एवं अत्यधिक क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

वर्तमान में दिल्ली–सहारनपुर–यमुनोत्री मार्ग को गड्ढा मुक्त करने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। यह मार्ग विशेषकर लोनी के आबादी वाले हिस्से में नालों के पानी और वर्षा के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। फिलहाल सड़क पर पत्थर भरकर उसे मोटरेबल बनाया जा रहा है, ताकि यातायात में आने-जाने वालों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रविन्द्र कुमार माँदड़ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि माननीय मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रत्येक सड़क को गड्ढा मुक्त किया जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को सख्ती से कहा है कि क्रमवार सभी सड़कों की मरम्मत की जाए तथा यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जाए।

### जिलाध्यक्ष चौधरी ने लोगों से जुड़ने की अपील की

## रालोद ने मोदीनगर में चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

मोदीनगर विजयनगर में राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद के एससी-एसटी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जाटव द्वारा जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार और एससी एसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद गौतम ने किया। कार्यक्रम में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने कहा की दलित समाज के साथ ही हर वर्ग राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रहा है क्योंकि राष्ट्रीय लोक दल ही गरीब मजदूर मजलूम की आवाज उठाता है। प्रबुद्ध कुमार और नरेंद्र खजूरी ने कहा के राष्ट्रीय लोक दल को एक मंत्रालय मिला वही चौधरी साहब ने हमारे समाज के




अनिल कुमार को कैबिनेट मंत्री बनाकर यह बता दिया कि रालोद ही सर्व समाज की पार्टी है । मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार' आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी' प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी' प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी' योगेंद्र पतला' युवा के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह' प्रोफेशनल मंच का क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया' महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी' सतीश राठी' विनोद जाटव' एससी-एसटी के अध्यक्ष नरेंद्र जाटव' विनोद चौधरी योगेश फफराना' अमित आर के' आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### मृतक के साले ने साथियों के साथ की थी पिटाई

## ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान युवक ने की खुदकुशी, आठ पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

जिला के सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव दौहला निवासी एक युवक ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों की प्रताड़ना से परेशान होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

इस संबंध में परिजनों की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार, अजय पाल निवासी दौहला आशियाना सोसायटी में मेडिकल स्टोर चलाता था। अजय की शादी करीब डेढ़ साल पहले अलीगढ़ के रेसली गांव से हुई थी। कुछ दिन से अजय व उसकी पत्नी के बीच अनबन चल रही थी। परिजनों का आरोप है कि ठीक एक महीने पहले 12 अगस्त 2025 को मृतक अजय के साले नितेश ने अपने साथियों के साथ केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के पास उसकी पिटाई करवाई थी। इस संबंध में सोहना थाने में केस दर्ज भी हुआ था। इसी मानसिक तनाव से परेशान होकर अजय पाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक के भाई विजयपाल ने बताया कि अजय लंबे समय से भय और दबाव में जी रहा था। घटना की सूचना पर पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मृतक के साले नितेश, पत्नी मीरा, सास गीता, चाचा ससुर कृष्णवीर, राजकुमार, ससुर संतोष, राजकुमार के बेटे और सचिन समेत अलीगढ़ उत्तरप्रदेश निवासी आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। एसीपी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 108 व 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं।

### प्रतिद्वंदी को 23 वोट से हराया, 2028 तक रहेगा कार्यकाल

# एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के विनोद शर्मा सर्कल सचिव चुने गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ऑपरेशन सर्कल फरीदाबाद में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की तरफ से एसई ऑफिस फरीदाबाद के प्रांगण में एक चुनावी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस चुनाव में विनोद शर्मा जेई को वर्ष 2025 से 2028 के लिए सर्कल सचिव के पद पर विजेता घोषित किया गया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी पर 23 वोट से जीत दर्ज की। इसी चुनावी कड़ी की निरंतरता में गत दिवसों में ऑपरेशन डिवीजन एनआईटी फरीदाबाद के लिए छठवीं बार लेखराज चौधरी एलडीसी ने प्रधान पद पर जीत हासिल की और मुकेश शर्मा एएसएसए को यूनिट सचिव बनाया गया। ऑपरेशन डिवीजन बल्लभगढ़ के चुनाव में अशोक लाम्बा एलडीसी को प्रधान व सत्य प्रकाश चौहान एफ एम को सचिव के पद पर विजयी घोषित किया गया। ऑपरेशन डिवीजन ओल्ड फरीदाबाद यूनिट



के लिए प्रधान पद पर सतीश कुमार छाबड़ी, एफ एम व सचिव के पद पर सत्यवान एएफ एम के साथ-साथ ललित जांगड़ा को भी सर्वसम्मति से चेयरमैन के पद पर चुना गया। डीएचबीवीएन ऑपरेशन डिवीजन ग्रेटर फरीदाबाद की यूनिट के लिए सर्वसम्मति से सुनील चौहान एलडीसी को तीसरी बार प्रधान रवि दत्त शर्मा एस एस ए को यूनिट सचिव तथा वीर सिंह को चेयरमैन चुना गया। इसी तरह से फरीदाबाद सर्कल की चारों यूनिटों की कार्यकारिणी के चुनावों को अमलीजामा पहनाया गया। इन चुनावों के लिए एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की प्रदेश स्तरीय एडहॉक कमेटी की और से वरिष्ठ कर्मचारी नेता राज बीर रोहिल्ला, महेन्द्र सिंह, मो. तारिक हुसैन व हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला फरीदाबाद के प्रधान देवी दयाल दिसोदिया को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया था। जिनकी देख-रेख में चुनाव पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ शांति पूर्वक तरीके के से सम्पन्न किए गए। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन फरीदाबाद के नव निर्वाचित सर्कल सचिव विनोद शर्मा व पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन फरीदाबाद के जिला प्रधान देवी दयाल दिसोदिया ने बिजली कर्मचारियों व पेंशनर्स को एक साथ चलने का भरोसा दिया। इस अवसर पर राम निवास, सुभाष चंद त्यागी, संत राम लाम्बा, जय भगवान आंतिल, धर्म सिंह चंदीला व मोहर सिंह जैसे पूर्व कर्मचारी नेताओं के साथ साथ बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी व पेंशनर्स उपस्थित थे।

## शिक्षा क्षेत्र में योगदान के लिए डॉ. शर्मा सम्मानित

**फरीदाबाद।** शिक्षा जगत में समर्पण और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विस्टामाइंड सोशल फाउंडेशन द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन श्रीराम मॉडल स्कूल सेक्टर-21 में किया गया। नेतृत्व फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष संगीता रानी, सचिव डॉ. इंदु वर्मा, निदेशक राजेश कुमार, उपाध्यक्ष ए.डी. भट्ट तथा सलाहकार सदस्य डॉ. एस.के. वर्मा ने किया। अध्यक्षता डॉ. अमृता ज्योति सिंधु ने की। एसीपी सराय राजेश लोहन ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया, जबकि कर्नल अनिल उनियाल, भारतीय वायुसेना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

### सीएनजी बजाज फ्रीडम ने दी सपनों को उड़ान

## कम खर्च से परिवार में बढ़ी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

एक दिन के 50 रुपए के हिसाब से साल में 17 हजार रुपए की बचत करने के चलते फ्रीडम ने लोगों के सपनों में एक नई उड़ान भर दी है। इस बचत से एक राइडर के परिवार का लाईफ स्टाईल में बदलाव आया है, वहीं बचत भी हो रही है। यह सब देश की पहली सीएनजी बजाज फ्रीडम के चलते हुआ है। अनिल के साथ भी ऐसा ही हुआ। उसने 11 महिने पहले ही बजाज फ्रीडम 125 सीएनजी खरीदी, तो उन्हें लगा था कि इससे बस ईंधन का ख़र्चा कम होगा। लेकिन उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि यही बचत उनके परिवार की जिदंगी में इतना बड़ा बदलाव लाएगी। उन्होंने इस दौरान 16,500 बचा लिए। इस रकम से उन्होंने बेटी की इंग्लिश-मीडियम स्कूल की फ़ीस भरी, घर का खाना सुधारा और उसके भविष्य के लिए थोड़ी बचत भी शुरू कर दी। अनिल की कहानी हजारों लोगों की जिंदगी में गूंज रही है। औसतन राइडर रोजाना 114 किलोमीटर का सफर करते हैं और उनमें से 81 प्रतिशत बाइक का इस्तेमाल काम के लिए करते हैं, चाहे डिलिवरी हो या रोज़ाना का आना-जाना। क़रीब 70 प्रतिशत ने अपने अनुभव को अब तक का सबसे बेहतर बताया, जिसमें माइलेज और स्मूदनेस का बेहतरीन संतुलन है। बजाज फ्रीडम 125 सिर्फ़ दूरी तय करने की बात नहीं है।

## मुख्यमंत्री ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सांसद, विधायकों और पार्षदों के साथ की बैठक

# दिल्ली के विकास कार्य में देरी या टाल मटोल नहीं की जाएगी बर्दाश्त : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




राजधानी में विकास परियोजना से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी या टाल-मटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य एक समान मानक संचालन प्रक्रिया के तहत ही पूरे किए जाएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के सांसद, विधायकों और पार्षदों के साथ एक समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री ई-पोर्टल पर अपलोड की जाए। बैठक में दक्षिण दिल्ली के सांसद रामबीर सिंह बिधूड़ी, विधायक, पार्षद और सभी संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि लगभग हर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली अर्बन शेल्टर इंप्रूवमेंट बोर्ड (ड्यूसिब) के लिए 10 से 16 करोड़ रुपये का फंड जारी किया गया है और सभी कार्य अब ई-फाइल प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की बुनियादी समस्याएं जैसे पानी, सीवर, नालियां, गलियां, सड़कें और पार्किंग का तत्काल हल किया जाना चाहिए। उन्होंने सांसद, विधायक और पार्षदों के बीच आपसी समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कार्य की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाए गए किसी भी कार्य को रोका नहीं जाएगा और सरकार हर जरूरी परियोजना को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि दिल्ली सरकार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा मनाएगी। इस दौरान पूरे शहर में स्वास्थ्य शिविर, दान शिविर और स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे।

### कैबिनेट मंत्री सिरसा को नियुक्त किया प्रभारी मंत्री

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा के लिए दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को प्रभारी मंत्री नियुक्त किया। बैठक में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की विकास परियोजनाओं और जनता से जुड़ी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

## 3,000 से ज्यादा आरडब्ल्यूए और श्रमिकों को दिए जाएंगे हीटर : सिरसा



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार 3,000 से अधिक आरडब्ल्यूए, फॉरेस्ट गार्ड और मजदूरों को इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध कराएगी, जो अब तक ठंड से बचने के लिए लकड़ी, पत्ते या कचरा जलाने को मजबूर थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने सर्दियों के प्रदूषण को काबू करने के लिए एक अनोखी और मानवीय पहल शुरू की है। एक उच्च-स्तरीय वर्चुअल बैठक में डिविजनल कमिश्नर, डीएसआईआईडीसी, पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के अधिकारियों ने मिलकर हीटर वितरण की पारदर्शी प्रक्रिया तय की गई। डीएसआईआईडीसी करीब 4 करोड़ की राशि अपने सीएसआर फंड से खर्च कर हीटर की व्यवस्था करेंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर व्यक्ति की ज़िंदगी सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त हो। हम केवल निगरानी या पाबंदियों तक सीमित नहीं हैं। हम समाधान भी दे रहे हैं। हीटर बाँटने से लेकर कचरा प्रबंधन तक, हमारा मक़सद दिल्ली को साफ़ हवा, और सुरक्षित वातावरण देना है। मंत्री सिरसा ने डिविजनल कमिश्नर को निर्देश दिया कि सभी आरडब्ल्यूए का नया आकलन किया जाए, ताकि ज़यादा से ज़यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह कदम दिल्ली की समग्र प्रदूषण नियंत्रण रणनीति का हिस्सा है।




## नरेला जोन वार्ड समिति की बैठक में पार्षद ने उठाया कुत्तो का मुद्दा

### बोलीं, मेरी गली में किसने छोड़े आठ कुत्ते



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एमसीडी के नरेला जोन की वार्ड समिति की बैठक शुक्रवार को विवादों में घिर गई, जब नांगलोई वार्ड से आम आदमी पार्टी की पार्षद हेमलता ने अपनी ही गली में आठ आवारा कुत्ते छोड़े जाने की शिकायत उठाई। संबंधित अधिकारी पर भड़कते हुए पार्षद ने कहा कि यह कदम उनकी छवि खराब करने और लोगों में भय फैलाने के लिए उठाया गया है। पार्षद ने वार्ड समिति अध्यक्ष बबीता डबास से तत्काल कार्रवाई की मांग की। बैठक में उपाध्यक्ष जनता देवी ने सभी वार्डों में जर्जर स्कूलों को दुरूस्त करने व फॉगिंग करने, पार्षद योगेश राणा, पवन सहरावत, अंजू, मनोनीत निगम पार्षद लक्ष्मण आर्य ने अवैध मीट मच्छी बाजार लगाने का मामला भी जोर शोर से उठाया। पार्षद संदीप डबास ने सड़कों के निर्माण और सफाई व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इस दौरान निगम उपायुक्त राकेश कुमार ने समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

## इस बार भी देरी से विदा होगा मानसून, जल्द फिर बारिश दे सकती है दस्तक!

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में इस बार भी मानसून की विदाई देरी से होने की संभावना दिखाई दे रही है। संभावना जताई जा रही है कि सितंबर की जगह गत वर्ष की तरह इस बार भी अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून दिल्ली से विदाई ले सकता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अनुमान जताया है कि शनिवार को हल्की से हल्की बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। जबकि अगले सप्ताह कहीं कहीं बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 16 से 17 सितंबर के बीच पहाड़ों पर एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसी दौरान बंगाल की खाड़ी में एक निम्न हवा का दबाव क्षेत्र विकसित होगा, जिसका असर उत्तरी महाराष्ट्र तक देखा जाएगा। इन्हीं दो मौसमी प्रणालियों के आपस में टकराने से दिल्ली सहित कई राज्यों में बारिश देखने को मिल सकती है। जानकारी अनुसार दिल्ली से आमतौर पर 27 सितंबर के आसपास मानसून विदा लेता है एवं अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक देशभर से चला जाता है। लेकिन इस बार दिल्ली से इसकी विदाई एक या दो अक्टूबर तक संभावित है। याद रहे कि पिछले साल भी दिल्ली से दो अक्टूबर को ही मानसून की विदाई हुई थी। इस साल मानसून की वर्षा तो हर माह ज्यादा रही ही है, साल भर का कोटा भी पूरा हो चुका है।

## सच्चा लोकतंत्र वही है जहां सभी विचारों को ध्यानपूर्वक सुना जाए : गुप्ता

नई दिल्ली। सच्चा लोकतंत्र वही है जहां सभी विचारों को ध्यानपूर्वक सुना जाए। हंगामा, शोर-शराबा और वॉकआउट से न केवल सदन का समय व्यर्थ होता है बल्कि जनता की आवाज़ भी दब जाती है। यह बात दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सी.पी.ए.) भारत क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही, जिसका विषय 'विधायी संस्थाओं में संवाद एवं चर्चा : जनविश्वास का आधार, जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम' था। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छे वक्ता वही होते हैं जो शांति, गरिमा और ठोस तर्कों के साथ अपनी बात रखते हैं, जिससे पूरा सदन उनकी बात ध्यान से सुनता है। अध्यक्ष गुप्ता ने कहा कि विधायी बहस लोकतंत्र के वृक्ष को सींचने वाला जल है। जिस प्रकार जल वृक्ष को बढ़ने और फलने-फूलने में मदद करता है, उसी प्रकार सार्थक बहसें और चर्चाएं संसदीय लोकतंत्र को मज़बूत बनाती हैं और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा समावेशी बहस, अनुशासन और सदन की गरिमा को प्राथमिकता देती है। सार्थक चर्चा जवाबदेही सुनिश्चित करती है, जनता का विश्वास बढ़ाती है और लोकतांत्रिक मूल्य सुदृढ़ करती है।

## भाजपा सरकार में दिल्ली की सड़कें हैं बदहाल : आप

**नई दिल्ली।** भाजपा की चार इंजन की सरकार में दिल्ली की सड़कें गड्ढे में तब्दील हैं। दिल्ली के हर इलाके में सड़कों को बुरा हाल है और वाहन चालकों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में गड्ढों में तब्दील सड़कों को लेकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 'आप' नेताओं ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में गड्ढे में तब्दील सड़कों की वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर चार इंजन वाली भाजपा सरकार के काम की पोल खोलने का काम किया। सौरभ भारद्वाज ने पटपड़गंज स्थित मदर डेयरी के सामने से गुजर ही टूटी सड़क का वीडियो साझा कर कहा कि सड़कें बदहाल हैं। 17 सितम्बर को पीएम का जन्म दिवस है और भाजपा सेवा पखवाड़ा मनाने का नाटक कर रही है। भाजपा पहले अपना काम करके दि खाए, बाद में सेवा का नाटक करे।

वहीं, दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि भाजपा सरकार में दिल्ली की सड़कें बदहाल हैं, सड़कों पर गड्ढे नहीं, बल्कि गड्ढों में सड़क है। नारंग ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राजेंद्र नगर विधानसभा की शंकर रोड का वीडियो एक्स पर साझा कर कहा कि यहां के पार्षद और विधायक दोनों भाजपा से हैं। सड़क पर चारों तरफ गड्ढे ही गड्ढे हैं। एक स्ट्रेच में बहुत लंबा गड्ढा है। भाजपा की चार इंजन की सरकार ने दिल्ली को गड्ढों की सरकार बना दी है। वह हर जगह गड्ढे कर रही है।



# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ्रॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# 'परफ्यूजन टेक्नोलॉजी' से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा
मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

**हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (**Entrance Test**) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ₹हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, "विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।" आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### प्रतियोगी छात्र ने काट लिया अपना प्राइवेट पार्ट

**प्रयागराज।** अमेठी से प्रयागराज आए प्रतियोगी छात्र ने ऐसी हरकत की, जिससे उसका जीवन बर्बादी



की कगार पर आ गया है। साथ ही परिवार के लिए मुसीबत अलग है। छात्र के मन में भावना उत्पन्न हो गई है कि उसे लड़की बनना चाहिए, मानसिक फेर होने पर उसने अपना प्राइवेट पार्ट काट लिया। लहूलुहान होने पर एक निजी अस्पताल ले जाया। वहां से स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय भेजा गया।

### लखनऊ से दो मासूम बच्चों का अपहरण

**लखनऊ।** यहां आलमबाग में तालकटोरा रोड स्थित बीजी कॉलोनी में साइकिल चला रहे 10



वर्षीय प्रद्युमन और 12 साल के अर्जुन को अगवा कर लिया गया। देर शाम तक घर न लौटने पर परिवारीजनों ने खोजबीन की। हैरान परेशान घरवालों ने थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। शुक्रवार सुबह दोनों के पिता के मोबाइल पर अपहर्ताओं ने मैसेज भेजकर 10-10 लाख रुपए की फिरौती मांगी।

### अब्दुल्ला आजम को कोर्ट से मिल गई राहत

**रामपुर।** रामपुर कोर्ट से आजम खान परिवार के लिए दोहरी खुशी आई है। पिछले दिनों इलाहाबाद हाई



कोर्ट ने डूंगरपुर प्रकरण में आजम खान की जमानत याचिका मंजूर की थी। अब फैसल खान लाला के साथ कथित मारपीट, धमकाने के मामले में कोर्ट का फैसला आया है। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है।

# नेपाल की जेल से भागे कैदियों को रोकने के लिए बढ़ी निगरानी, सीमा पर एसएसबी व पुलिस का संयुक्त गश्त

नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बीच जेलों से फरार कैदियों को भारतीय सीमा में घुसने से रोकने के लि सशस्त्र सीमा बल और पुलिस बल ने निगरानी बढ़ा दी है। नेपाल की सीमा महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों से लगती है

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों के बीच जेलों से कथित तौर पर फरार कैदियों को भारतीय सीमा में घुसने से रोकने के लिए यूपी की सीमाओं पर तैनात सशस्त्र सीमा बल और पुलिस बल ने निगरानी बढ़ा दी है।

नेपाल की सीमा उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों से लगती है। बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के अतिरिक्त 400 पीएससी जवानों को तैनात किया गया है।



जिले का करीब 85 किलोमीटर का क्षेत्र भारत-नेपाल खुली हुई सीमा से सटा है। नेपाल के ज्यादातर नागरिक इन जंगल की पगडंडियों के रास्ते भारत में प्रवेश करते हैं और इस तरह से घुसपैठ को रोकने के लिए एसएसबी और पुलिस के जवान लगातार गश्त कर रहे है।

एसपी ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा से लगे बहराइच और सिद्धार्थ नगर जिलों में नेपाल की जेलों से फरार हुए कैदियों की गिरफ्तारी को देखते हुए एसएसबी, पीएसी और पुलिस के जवान सीमा से सटे जंगली क्षेत्रों में लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा से सटे जिले के पांच थानों और एसएसबी की 22 चौकियों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया है तथा किसी भी घुसपैठ को रोकने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है।

### *एसएसबी ने बहराइच सीमा पर 6 कैदियों को पकड़ा*

*पुलिस के मुताबिक, नेपाल की बांके जेल से भागे छह कैदियों को एसएसबी ने बहराइच के रुपईडीहा सीमा पर पकड़ लिया था। गिरफ्तार कैदियों में से चार की पहचान भारतीय नागरिकों के रूप में हुई है और उन्हें नेपाल पुलिस को सौंप दिया गया है जबकि शेष दो कैदियों की पहचान की पुष्टि की जा रही है। भारतीय मूल होने की पुष्टि की जा रही है।*

## बिहार को सितंबर में मिलने वाली है 3 बड़ी खुशखबर

# 3 महत्वपूर्ण भवनों का उद्घाटन, आम से लेकर खास वर्ग को भी मिलेगा फायदा

बिहार की नीतीश सरकार चुनाव के ऐलान से पहले प्रदेश के लोगों को बड़ी सौगात देने की तैयारी में है। जानकारी के मुताबिक इस बार केवल सितंबर माह में तीन महत्वपूर्ण भवनों का उद्घाटन किया जाएगा। इसका फायदा आम से लेकर खास तक वर्ग तक के लोगों को मिलेगा

एजेंसी ▶▶ बिहार

बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार प्रदेश के लोगों को इसी महीने तीन बड़ी सौगात देने जा रही है. इसी कड़ी में सितंबर माह तीन महत्वपूर्ण भवनों का उद्घाटन किया जाएगा. ये तीन प्रमुख तोहफे 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी', 'राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय' और 'बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय' के नए भवन हैं।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण



मोइन-उल-हक स्टेडियम के समीप 20.5 एकड़ भूमि पर विकसित हो रहा। यह साइंस सिटी राज्य में विज्ञान शिक्षा व जनजागरूकता को बढ़ावा देगा। बी ए साइंटिस्ट्स गैलरी और बेसिक साइंस गैलरी में पहले चरण में 47 विज्ञान प्रदर्श स्थापित किए जा चुके हैं। कुल पांच गैलरियों में 269 विज्ञान प्रदर्श स्थापित किए जाएंगे। यह सुविधा विज्ञान के प्रति युवा पीढ़ी में रुचि जगाने के साथ-साथ शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित होगी। बिहार में शिक्षा, आपदा प्रबंधन और विज्ञान क्षेत्र में नए आयाम जुड़ेंगे, बल्कि राज्य की आधुनिकता और समग्र विकास को भी बल मिलेगा। सरकार ने सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही ये तोहफे बिहारवासियों को सौंपे जाएंगे।

### *एसडीआरएफ मुख्यालय का समृद्ध विकास*

*बिहटा के दिलावरपुर में 25 एकड़ भूमि पर 287.52 करोड़ रुपए की लागत से एसडीआरएफ मुख्यालय का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें प्रशासनिक भवन, क्वार्टर मास्टर स्टोर, ट्रेनिंग ब्लॉक, हेड कॉन्स्टेबल व डिप्टी कमांडेंट आवास सहित कई अन्य भवन शामिल हैं। राज्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के लिए परिसर में एक राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल भी निर्मित किया जा रहा है। प्रशिक्षकों और जवानों के लिए अत्याधुनिक आवासीय व प्रशिक्षण सुविधाएं तैयार की गई हैं। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि शेष भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर उद्घाटन की योजना बनाई गई है।*

### *बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का आधुनिक स्वरूप*

*विभाग की ओर से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का भी निर्माण कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में डेयरी इंजीनियरिंग भवन, प्रशासनिक ब्लॉक, पशु प्रयोगशाला, फीड विश्लेषण लैब, यूजी/पीजी हॉस्टल, कुलपति आवास सहित कुल 14 भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग फीचर्स का विशेष ध्यान रखा गया है। छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक हॉस्टल सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय में 1200 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम भी बन रहा है।*

# छोटी सी चिंता को सांसों पर बोझ न बनने दें

- विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन
- एसजीटी की सार्थक पहल, अनेक सकारात्मक पहलुओं को स्पर्श किया

**गुरुग्राम।** हर जीवन महत्वपूर्ण है, हर आवाज की अहमियत है और मुसीबत में मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि एक सकारात्मक मनोबल का परिचायक है। नैरेटिव बदलने का समय है, जीवन अनमोल है, इसको हिफाजत के साथ सहेज कर रखने की जरूरत है। थोड़ी सी टेंशन, कम्प्लेक्स, हीन भावना, तकलीफ से हार कर लाइफ को सरेंडर नहीं किया जाना चाहिए। सुसाइड किसी समस्या का समाधान नहीं। व्यावहारिक विज्ञान संकाय, एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम द्वारा साइका डिपार्टमेंटल क्लब और एसीटी इम्पैक्ट सेंटर के सहयोग से विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर समग्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आत्महत्या रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाना, मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर संवाद को प्रोत्साहित करना और समुदाय में सहानुभूति, मजबूती और समर्थन की भावना को



बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में कई प्रभावशाली गतिविधियां शामिल रहीं। जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और संकट में लोगों को समर्थन देने के महत्व को दर्शाने वाले प्लेकार्ड और नारे लेकर पूरे कैंपस में एक सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण था नुक्कड़ नाटक, जिसे छात्रों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और मानसिक स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर किया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य, परिवार का समर्थन, मित्र नेटवर्क, मजबूत जिजीविषा जैसे सुरक्षा कारकों पर बल दिया गया और बिना किसी भय के मदद मांगने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

**रिक्ति परिपत्र**
**फा. सं 3(4)/2025-एबीसीडी**
**भारत सरकार**
**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003**

**विषय :- महानिदेशक, प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी तथा अनुसंधान संस्था (समीर), एमईआईटीवाई के अधीन एक स्वायत्त निकाय के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करना।**

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) महानिदेशक, प्रायोगिक सूक्ष्मतरंग इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी तथा अनुसंधान संस्था (समीर), एमईआईटीवाई के अधीन एक स्वायत्त निकाय, के पद को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 14 (1,44,200 रुपए – 2,18,200 रुपए) के वेतनमान में सीधी भर्ती/आमेलन/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) प्रणाली से भरने का प्रस्ताव करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के बाद पड़ने वाला दिन होगा।

2. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र एमईआईटीवाई (www.meity.gov.in) : समीर (www.sameer.gov.in) : डीओपीटी (www.persmin.gov.in) और नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल (www.ncs.gov.in) की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

CBC-06101/11/0008/2526

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने लॉन्च ....

दुनिया के सामने लाने में मदद करेगा। इसके तहत पूरे देश में फैली एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों को चिन्हित कर उन्हें डिजिटाइज, संरक्षित और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। ये पांडुलिपियाँ विश्वविद्यालयों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहों में रखी गई हैं।

### बाकी 4 राज्यों...

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 9:30 बजे कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात पीएम मोदी बिहार का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 2:45 बजे पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

### अमेरिका में भारतीय मूल...

चंद्रमौली से सीधे बात करने की बजाय पहले अपनी महिला सहकर्मी से उनके निर्देशों का अनुवाद करने के लिए कहा। फिर कुल्हाड़ी निकाली और चंद्रमौली पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपनी जान बचाने की कोशिश की और वो पार्किंग एरिया की तरफ भागे ताकि किसी तरह से फ्रंट ऑफिस तक पहुंचकर अपनी जान बचा सकें। लेकिन आरोपी ने उनका पीछा किया और सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और उसे राजधानी हत्या (कैपिटल मर्डर) के आरोप में जेल में रखा गया है। योर्डानिस जो कि क्यूबा का रहने वाला है। उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। लेकिन अभी भी ये साफ नहीं है कि यह हमला पूर्व नियोजित साजिश का हिस्सा था या इसके पीछे कुछ और वजह थी।

**आपराधिक प्रवृति का है योर्डानिस :** पुलिस ने कहा कि आरोपी की प्रकृति अपराधी की है। योर्डानिस को पहले भी दो बार गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें फ्लोरिडा में वाहन चोरी से लेकर ह्यूस्टन में एक बच्चे के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार का मामला शामिल है। उसकी कहीं भी आवाजाही पर रोक लगी हुई है। मौजूदा साल में उसे पुलिस की निगरानी में रिहा किया गया था। क्योंकि उसके आपराधिक रिकार्ड को देखते हुए क्यूबा की सरकार ने उस वापस लेने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद अमेरिका की पूर्ववर्ती सरकार ने उसे रिहा करने का आदेश दे दिया। दुख की इस घड़ी में चंद्रमौली के दोस्त और भारतीय समुदाय के बाकी लोग उनके परिवार के साथ एकजुटता से मदद के लिए खड़े हैं। साथ ही उनके दोस्त उन्हें एक अच्छे पति, पिता और दयालु इंसान के रूप में याद कर रहे हैं। इंटरनेशनल सेवा की तरफ से मदद की पेशकश की गई है। जिसके सेवा के डलास चैप्टर के अध्यक्ष गितेश देसाई ने कहा कि हम इस जघन्य अपराध को लेकर काफी दुखी हैं और हमें गहरा आघात लगा है। पीड़ित परिवार को हम सभी लोग हर प्रकार से मदद करने के लिए तैयार हैं। शनिवार को चंद्रमौली का अंतिम किया जाएगा।

### सीसीटीवी में कैद हुई ...

और कुल्हाड़ी से उनके शरीर पर कई वार किए। मृतक की पत्नी और 18 वर्षीय बेटे ने बीच-बचाव की काफी कोशिश की, वो मदद के लिए चीखते-चिल्लाते भी रहे। लेकिन योर्डानिस ने दोनों को धक्का देकर गिरा दिया और नागमल्लैया पर एक के बाद एक कुल्हाड़ी से वार करता गया। सीसीटीवी रिकॉर्ड के मुताबिक, योर्डानिस ने नागमल्लैया की गर्दन पर कुल्हाड़ी से काटने के बाद उसे पहले पैर से दो बार लात मारी और उसके बाद उठाकर कूड़ेदान में फेंक दिया। अदालत में दिए हलफनामे में डलास पुलिस ने बताया कि वारदात को अंजाम देते वक्त योर्डानिस ने चंद्रमौली की जेब से उनका मोबाइल फोन और जरूरी कार्ड भी निकाले। पुलिस का ये भी कहना है कि यह अकल्पनीय अपराध है। आरोपी पर गैर-बॉन्ड गिरफ्तारी के आदेश के साथ ही इमिग्रेशन डिटेनर यानी आवाजाही की रोक भी लगाया गया है। अगर उसे सजा होती है तो बिना परोल के फांसी या आजीवन कारावास की सजा होगी।

### 'इस्तीफे के 53 दिन बाद'...

दूसरी तरफ लोकसभा स्पीकर, पूर्व उपराष्ट्रपतियों को जगह मिली। इसके अलावा चंद्रबाबू नायडू भी परिवार के साथ नजर आए। सीपी राधाकृष्णन के शपथ समारोह में कई राज्यों के राज्यपाल भी पहुंचे थे। लेकिन जगदीप धनखड़ की उपस्थिति चर्चा का केंद्र रही।

### सरकार ने मध्य प्रदेश...

करने के पात्र है। यह पिछले फसल वर्ष में जारी किए गए लाइसेंसों की संख्या से 23.5 प्रतिशत अधिक है । इस प्रकार लगभग 15,000 अतिरिक्त किसान इस नीति से जुड़े है, जिन्हें इस वर्ष अफीम की खेती से लाभ मिलने की उम्मीद है। केंद्र सरकार चिकित्सा और उपशामक देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एल्कलॉइड की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसके साथ ही, आवश्यक मादक औषधियों के उत्पादन हेतु एल्कलॉइड की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से, स्वदेशी और आत्मनिर्भर उपायों के माध्यम से प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के प्रयास जारी हैं।

**वार्षिक लाइसेंस नीति की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं :** वित्त मंत्रालय की जानकारी के अनुसार मौजूदा अफीम गोंद उत्पादकों को बनाए रखना जिन्होंने प्रति हेक्टेयर 4.2 किलोग्राम या उससे अधिक औसत मॉर्फिन उपज (एमक्यूवाई-एम) हासिल की है। 3.0 किलोग्राम से 4.2 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर के बीच मॉर्फिन उपज वाले मौजूदा अफीम गोंद उत्पादक अब पांच साल की लाइसेंस वैधता के साथ, पोस्ता भूसा सांद्रण (सीपीएस) विधि के तहत चीरा लगाए बिना पोस्ता भूसे की खेती करने के पात्र हैं। इसके अलावा, 1995-96 से किसानों की संख्या के कंप्यूटराइजड रिकॉर्ड (डिजिटलीकरण) से समावेशिता बढ़ी है, जिससे पिछले वर्षों के सीमांत किसानों को निर्धारित पात्रता और शिथिल मानदंडों को पूरा करके लाइसेंस प्राप्त करने में मदद मिली है। सरकार का बेहतर प्रदर्शन करने वाले उन किसानों को प्रोत्साहित करने का प्रस्ताव है, जिन्होंने 900 किलोग्राम/हेक्टेयर या उससे अधिक अफीम की उपज प्राप्त की है, और उन्हें अफीम गोंद की खेती की पारंपरिक विधि अपनाने का विकल्प प्रदान करती है। इस बदलाव का उद्देश्य उनकी जोतों से अफीम की अधिक पैदावार को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह खेत से अफीम के अन्य स्त्रोतों के उपयोग के जोखिम को कम करने के लिए एक सकारात्मक सुदृढ़ीकरण तंत्र के रूप में भी कार्य करेगा। सरकार सीपीएस खेती के तहत फसल वर्ष 2025-26 के लिए उन किसानों के लाइसेंस निलंबित करेगी, जिन्होंने पिछले फसल वर्ष (2024-25) के दौरान 800 किलोग्राम/हेक्टेयर की निर्धारित न्यूनतम योग्यता उपज (एमक्यूवाई) को पूरा नहीं किया था। सरकार अपने अफीम और अल्कलॉइड कारखानों की क्षमता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष, नीमच स्थित सरकारी अल्कलॉइड कारखाने को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से जीएमपी प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इस नीति का उद्देश्य सरकारी नियंत्रित अल्कलॉइड इकाइयों के लिए आत्मनिर्भरता को संतुलित करने के साथ अल्कलॉइड एपीआई और फॉर्मूलेशन में भारतीय दवा कंपनियों को सहयोग प्रदान करना है। उनकी तकनीकी विशेषज्ञता और ब्रांड विश्वसनीयता का लाभ उठाकर, इस पहल का उद्देश्य 'मेक फॉर वर्ल्ड' विजन को बढ़ावा देना है।

### पूर्व मुख्य न्यायाधीश ..

काठमांडू के मेयर बालेन शाह, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश सिंह रावत उपस्थित रहे। इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के साथ सेना प्रमुख जनरल अशोक राज की मौजूदगी में जनरेशन-जी के नेतृत्वकर्ताओं ने एक बैठक की थी। जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर सहमति बनी थी।

**बनारस से किया पीजी :** सुशीला कार्की का जन्म 7 जून 1952 को विराटनगर में हुआ था। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। उन्होंने कानून की पढ़ाई नेपाल की त्रिभुवन यूनिवर्सटी से की। इसके बाद वकालत और कानूनी सुधारों के क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत की। सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक मामलों की सुनवाई की, जिनमें चुनावी विवाद भी शामिल थे।

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे...

प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पारंपरिक रेड कार्पेट शैली में किया गया। उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और दर्शन-पूजन किए। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथी उनके साथ मौजूद रहे। प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र करीब 45 मिनट तक राम मंदिर में रहे। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। डॉ. नवीन चंद्र दूसरे विदेशी पीएम हैं, जो अयोध्या आकर रामलला का पूजन कर रहे हैं। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पहले ही उनके आगमन का कार्यक्रम जारी कर दिया था।

### सेनाओं के लिए ऑपरेशन...

पारिस्थितिकी तंत्र (स्ट्राइड-25)' का तालमेल था। कार्यशाला का आयोजन सेना की दक्षिणी कमान ने किया था।

**सुदर्शन चक्र पर डीपीआर बनाता डीआरडीओ :** उन्होंने कहा कि सुदर्शन चक्र मिशन को लेकर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अपने अध्यक्ष और एक समर्पित टीम के साथ एक व्यापक परियोजना रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जिसमें एयर डिफेंस सिस्टम से जुड़ी हुई क्षमतागत खामियों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया जा रहा है। अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर बने हुए तनाव के बीच देश की रक्षा परियोजनाओं पर कोई भी प्रभाव पड़ने से रक्षा सचिव से इंकार किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि व्यापार से जुड़ा हुआ तनाव भी कम हो रहा है। हम अमेरिका के साथ बातचीत की शुरुआत करने जा रहे हैं। मुझे उम्मीद है यह बातचीत सफल रहेगी। दोनों देशों का रक्षा सहयोग और वार्ता लगातार जारी है। दोनों पक्षों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर से लेकर टू प्लस टू संवाद हुआ है। उन्होंने कहा एलसीए तेजस लड़ाकू विमान के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा इंजन की आपूर्ति समयबद्ध रूप से जारी है। दो इंजन पहले ही मिल चुके हैं। जबकि बीते गुरुवार को तीसरे इंजन की सप्लाई की गई है। उन्होंने हमें समयसीमा का एक खाका प्रस्तुत किया है और उसका पालन करने के लिए वो अपनी तरफ से हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### ड्रोन, मानवरहित ...

वातावरण में जीपीएस और लो-लेवल रडार की पकड़ से बाहर होना भी जरूरी है। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन सुदर्शन चक्र कदम की सराहना करते हुए बताया कि इस मिशन में रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तत्वों का समावेश होगा। हमारे पास पहले ही एक साफ-सुथरा मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। जिसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी अच्छा काम किया था। हमें कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ये एक ऐसे समय में था। जब दुश्मन द्वारा कई बार ड्रोन और मिसाइल से इस सिस्टम को ध्वस्त करने का प्रयास किया गया। रक्षा सचिव के मुताबिक, भारत को जटिल इंफ्रास्ट्रक्चर, आबादी केंद्रों और उद्योगों पर जोर देना चाहिए।



## चिंतन

# कब, कैसे कर पाएंगे हम आधी आबादी की सुरक्षा

देश में महिला सुरक्षा या सम्मान की बात आते ही एक के बाद एक न जाने कितने दावे किए जाते हैं। कितने तरह के कानून की दुहाई दी जाती है, लेकिन बात जब भी धरातल की होती है और एक के बाद महिलाओं के प्रति अपराध की बात आती है तो लगता है कि बहुत कुछ किया जाना शेष है। दिल्ली में निर्भया हत्याकांड के बाद केंद्र सरकार ने कानून में आमूलचूल बदलाव किए। दावा किया गया कि अब कोई भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले सौ बार सोचेगा, लेकिन हुआ क्या। हर रोज समाचार पत्रों के पन्नों पर ऐसी खबरों की भरमार नजर आती है। 'नारी 2025' नामक राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट ने इस मुद्दे पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं, जो महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 40 फीसदी महिलाएं अपने शहरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह आंकड़ा शहरों के सार्वजनिक स्थानों, ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति का दर्दनाक सच बयान करता है। रिपोर्ट में रांची, श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद, पटना और जयपुर को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर माना गया है। दिल्ली और फरीदाबाद में लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, वहीं, कोहिमा को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर माना गया, जहां 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइज़ोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। अगर उत्पीड़न के आंकड़े को देखें तो 2024 में 7 फीसदी महिलाओं ने उत्पीड़न का सामना किया, जिसमें 18-24 साल की युवा महिलाओं का जोखिम सबसे अधिक था। दुःखद बात ये भी है कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की आधिकारिक रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। केवल 22 प्रतिशत महिलाएं अपने अनुभवों की रिपोर्ट पुलिस को देती हैं, और केवल 16 फीसदी मामलों में कार्रवाई होती है। यही कारण है कि महिला सुरक्षा में भारत की रैंकिग 177 देशों की सूची में 124वां स्थान है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। अब वीरवार के ही एक समाचार को देखें जिसमें एक महिला को उसी शख्स के हाथों सरेआम अपमान झेलना पड़ा, जिसके साथ उसने सात फेरे लिए थे। जिसने जीवन भर उसकी सुरक्षा का वादा किया। ऐसा भी नहीं कि पति और पत्नी अशिक्षित या पिछड़े इलाके से थे। पत्नी स्कूल में टीचर है और हैवान बन बैठा पति कॉलेज में लेक्चरर है। इसके बावजूद उसने अपनी पत्नी को सरेआम बेइज्जत किया। उसने अपनी पत्नी के गले में चप्पलों की माला डाली, उसके साथ मारपीट की और सड़क पर परेड कराई। यही नहीं इस शर्मसार करने वाली पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पति को अपनी पत्नी पर शक था कि उसके किसी और के साथ प्रेम संबंध हैं। अब इसे आप क्या कहेंगे। जब रखवाला ही हैवानियत करने लगे तो किससे उम्मीद करेंगे। एक ऐसा देश जहां साल में दो बार नवरात्र पर माता के रूप में महिलाओं को पूजा जाता है, उसी देश में महिला सुरक्षा की हालात ये है। अगर किसी को यह लगता हो कि सख्त कानून बनाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध खत्म हो जाएंगे तो ऐसा होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना होगा। उन परंपराओं का पालन करना होगा, जो हमारी संस्कृति ने हमें दी हैं। एकल परिवार से हटकर कुटुंब व्यवस्था की ओर लौटना होगा तभी हम आधी आबादी को सुरक्षित रख पाएंगे।

## विश्लेषण

राजेश माहेश्वरी



# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां भी कम नहीं

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनाम तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चला था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा। राज्यसभा के सभापति पद पर भले ही कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। चुनौतियों की बात की जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी। राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा। राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना विपक्ष के लिए एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## पड़ोस

प्रमोद भार्गव

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से जनता को पता चला कि मंत्री और उनके परिजन देश-विदेश में ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ले रहे हैं। ब्रांडेड सामान के साथ फाइव स्टार जीवन विदेशों में व्यतीत कर रहे हैं।

इस वैभव की पृष्ठभूमि में सरकारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को मुख्य कारण माना। जबकि गरीब युवा प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा की संख्या में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। इस आंदोलन को पहले दक्षिणपंथी करार देने की कोशिशें हुईं, लेकिन वास्तव में यह आक्रोश उस कुंठा के चलते उपजा जो नेताओं और उनके परिजनों के वीडियो में भोग-विलास का जीवन जीते हुए दिखा। नेपाल में हिंसा और अराजकता इस हद तक फैली कि आंदोलनकारियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रियों तक के घर जला दिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी को जिंदा जला दिया। देश की सत्ता की इस राख में 22 युवाओं की सेना और पुलिस की गोलाबारी में हुईं मौतों की राख भी मिल गई। इस आंदोलन को सोशल मीडिया के साथ खासतौर से जेन-जी पर पाबंदी माना जा रहा है। हालांकि यह रोक युवाओं का आक्रोश देखने के बाद हटा ली गई थी। जेन-जी यानी जेनरेशन-जेड का बोध कराने वाली वह पीढ़ी है, जिनका जन्म 1997 से लेकर 2012 के बीच हुआ है। यानी वर्तमान में ये आंदोलनकारी किशोर एवं युवा हैं। इस आग में घी डालने का काम सुदन गुरुंग और बालेन शाह ने जेन-जी पर उपस्थिति दर्ज कराकर कर दिया। सुदन ओली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और परिवारवाद की मुहिम पूर्व से ही चला रहे थे। कुछ नेताओं की बढ़ती संपत्ति के विरुद्ध भी मोर्चा खोले हुए थे। इसी बीच 4 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो राजधानी काठमांडू के महापौर बालेन शाह सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्सेस किया और लिखा, 'कल की रैली जेन-जी की रैली है। इस रैली में कोई भी पार्टी, नेता, सांसद एवं कार्यकर्ता को निजी लाभ के लिए शामिल होने की जरूरत नहीं है। उम्र के कारण मैं जा नहीं सकता, लेकिन मेरा पूरा समर्थन है।' बालेन के चाहने वाले लाखों में हैं। देखते-देखते आंदोलन की दशा और दिशा तय हो गई और लाखों युवा आंदोलन के लिए काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। संसद और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, प्रधानमंत्री आवास पर पत्थरबाजी की और पूरे शहर में ऐसा तांडव मचाया कि सेना और पुलिस को नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाना पड़ा। नेपाल के इतिहास में इसे बड़ी तख्तापलट की घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले



बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह का जनआक्रोश फूट चुका है। वहां की सरकारें अपदस्थ हुई हैं। नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से उठ रही है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर चुके हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बाद में वे दोनों के आलोचक हो गए। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बना लिया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी चिंता से यह आक्रोश उपजा है।

नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है। इस चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति



संकलित

दर्शन

लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते हैं और उनका स्थान ग्रहण कर लेते हैं-क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नहीं रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे दुर्गुण, सारे पाप किसी व्यक्ति के हृदय में बैठ जाएँ तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक ही है। इसलिए लालच को सभी महा-आत्माओं ने तमाम संकटों की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य के अन्तःकरण में लालच का दैत्य एक बार प्रवेश कर गया, उसके लिए फिर जघन्य-से-जघन्य पाप कर डालना असम्भव नहीं रहता। आज का मानव दिन-ब-दिन अधिकाधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश-लिप्सा, संसार के समस्त सुख-साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम-अर्थ-धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्मदाता माँ-बाप की हत्या करने से भी नहीं चूकता। पग-पग पर आजीवन सुख-दुःख के सहभागी सहोदर की दैहिक-लीला को नष्ट करके भी यदि उसकी लालची भूख को क्षणिक तृप्ति मिलने की सम्भावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नहीं झिझकता।

\- **कांतिलाल मांडोत**

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घोटालेबाजों पर हो सख्त कार्रवाई

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नैशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है।

\- **महेश शर्मा**, दुर्ग

## ट्रेंड

### बाढ़ स्थिति की समीक्षा



उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति को लेकर बैठक की। राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान को देखकर बहुत पीड़ा हुई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम हर जरूरी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

\- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नेपाल आंदोलन



कुछ लोग नेपाल आंदोलन का नाम लेकर भारत में राजशाही का सपना देख रहे हैं, वे असल में लंबे समय से लोकतंत्र के विरोध में मन में दबाए बैठी भावनाओं को बाहर निकाल रहे हैं। इनको ये समझना चाहिए कि यहां राजशाही के लिए जगह नहीं है।

\- **डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद**


### राधाकृष्णन को बधाई



सी.पी. राधाकृष्णन को आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

\- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विनम्र नहीं, निडर रहें



जीवन में, आपको हमेशा विनम्र लेकिन निडर रहना चाहिए। सफलता में कभी भी अहंकार को जन्म नहीं देना चाहिए। इससे रक्षात्मक या अति सतर्क होने की प्रवृत्ति भी नहीं आनी चाहिए।

\- **अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# एलन मस्क की स्टारलिंक को लेबनान ने दिया लाइसेंस



लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मस्क ने तीन महीने पहले लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की थी और देश के दूरसंचार तथा इंटरनेट क्षेत्रों में काम करने की दिलचस्पी जताई थी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान सरकार ने देश के बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों के लिए नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की घोषणा की। लेबनान में भ्रष्टाचार से ग्रस्त ऊर्जा क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की स्थापना करना अंतरराष्ट्रीय संगठनों की एक प्रमुख मांग रही है। बिजली क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की नियुक्ति लगभग 20 वर्ष पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन देश की प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा बार--बार विलंब किया जाता रहा। इस कदम को लेबनान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो इस छोटे भूमध्यसागरीय देश में हर साल एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की बर्बादी करता है।

## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया से बच्चे सीख रहे हैं एआई का उपयोग



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निबंध लेखन, भाषाओं का अभ्यास और गृह कार्य पूरा करने के तरीकों को तेजी से बदल रही है। शिक्षक भी अब पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक के लिए एआई उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बदलाव इतनी शीघ्रता से हो रहा है कि स्कूल, विश्वविद्यालय और नीति-निर्माता इसके साथ कदम मिलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इस तेज बदलाव के बीच अक्सर एक बुनियादी सवाल छूट जाता है-छात्र और शिक्षक वास्तव में एआई का उपयोग सीख कैसे रहे हैं? वर्तमान में यह सीखना अधिकांशतः अनौपचारिक तरीकों से हो रहा है। छात्र टिकटॉक या डिस्कॉर्ड पर सुझाव साझा करते हैं या चैटजीपीटी से निर्देश लेते हैं। शिक्षक स्टाफ रूम में आपस में चर्चा करते हैं या लिंक्डइन पर जानकारी हासिल करते हैं। हालांकि यह नेटवर्क जानकारी तेजी से फैलाते हैं, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह, निगरानी या समानता जैसे गहरे मुद्दों पर विचार नहीं होता। यहीं पर औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिज्ञासा से आगे बढ़कर शोध से पता चला है कि अधिकतर शिक्षक एआई के लिए तैयार नहीं हैं। हालिया अध्ययन में पाया गया कि कई शिक्षकों को एआई उपकरणों की विश्वसनीयता और नैतिकता का आकलन करने का कौशल प्राप्त नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

# छात्र नेता से उपराष्ट्रपति तक का विलक्षण सफर रहा राधाकृष्णन का

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दिलाई 15 वें उपराष्ट्रपति को शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

**9 सितंबर को हुआ था नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव**



सरकार के कई मंत्री और माननीय कार्यक्रम में रहे शामिल

**धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुए चुनाव**

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे से मध्यावधि चुनाव हुआ।

### महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**ओबीसी समुदाय से ताल्लुकात**

ओबीसी समुदाय कोंगु वेल्लार (गाउंडर) से आने वाले राधाकृष्णन की शादी सुमति से हुई है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। इसके पहले वे महाराष्ट्र के राज्यपाल थे।

### स्वयंसेवक के रूप में किया पदार्पण

सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में हुआ था। वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में उन्हें तमिलनाडु में भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। कोयंबटूर से 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। 2004, 2014 और 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। सांसद रहते हुए वह संसदीय स्थायी समिति (कपड़ा मंत्रालय) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा, वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच के लिए बनी विशेष संसदीय समिति के सदस्य थे।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया**

2004 में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। वह ताइवान जाने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशे के निर्यात रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी।

### असाधारण रही इस पद तक की यात्रा

राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरुआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वे तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिन में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था। वे केरल भाजपा के प्रभारी भी रहे।

---

## खबर संक्षेप

### कई केंद्रों पर रद्द हुई एसएससी सीजेएल




**नई दिल्ली।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित एसएससी सीजेएल 2025 परीक्षा के पहले दिन कई राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं के कारण उम्मीदवारों को असुविधा हुई। दिल्ली, गुरुग्राम, कोलकाता, बोकारो और जम्मू में परीक्षा रद्द होने के पीछे कई कारण थे।

### आप विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा



**तरनतारन।** विवाह समारोह में भाग लेने आई अनुसूचित जाति से संबंधित परिवार की लड़की हरबिंदर कौर उसमां के साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का मामला 12 वर्ष से अदालत में सुनवाई के अधीन था।अब एडिशनल सेशन जज तरनतारन प्रेम कुमार की अदालत ने विधायक लालपुरा को 4 साल की सजा सुनाई है।

### एक्टर नारायण, परिवार के खिलाफ एफआईआर



**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक और अभिनेता एस नारायण और उनके परिवार के खिलाफ उनकी बहू ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। ज्ञानभारती पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। बहू ने कहा मुझसे फिर पैसे मांगे और मैंने 10 लाख का प्रोफेशनल लोन ले लिया। उन्होंने कुछ ही पैसे चुकाए और काम बंद कर दिया।

### नाबालिग और युवती से दुष्कर्म, 3 को भेजा जेल



**सिरसा।** जिला के एक गांव की नाबालिगा के पिता की शिकायत पर दुष्कर्म के आरोप में सदर थाना पुलिस ने गत 21 अगस्त को मामला दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान खैरेकां गांव निवासी रमनदीप के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित ने अपराध स्वीकार किया है।

---

## पीएम मोदी की मां पर बिहार कांग्रेस के एआई वीडियो पर भाजपा भड़की

# महिला और मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बनी, गांधीवादी से गालीवादी बनी

### प्रधानमंत्री की दिवंगत मां पर टिप्पणी करना विपक्ष का गिरता स्तर बता रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल में ही बिहार कांग्रेस द्वारा उनकी मांग पर जारी किए गए एक एआई वीडियो पर राजनीतिक बवाल मच गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर पीएम मोदी की मां का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महिला और मातृशक्ति का अपमान, अब कांग्रेस की पहचान बन गई है। कांग्रेस अब गांधीवादी की जगह गालीवादी बन गई है। बिहार में विपक्ष के वोट अधिकार यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देने के विवादों के बीच कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक एआई जेनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर भाजपा आगबबूला हो उठी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माँ को निशाना बनाने के कांग्रेस के नए प्रयास की न सिर्फ आलोचना की है बल्कि उस पर सारी हदें पार कर जाने के आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस राजनीतिक बहस का स्तर गिरा रही है।

बिहार में वोट यात्रा के दौरान भरे मंच से ऐसा अपमान किया गया



### पछतावे के बजाए बयान को सही ठहराने में जुटी कांग्रेस

इस वीडियो पर भाजपा भड़क गई है और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाने की घृणित और कुत्सित कोशिश करार दिया है जो अब जीवित नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पछतावे की बजाय प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपनी पिछली कथित टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां को गाली देने के लिए पश्चाताप से कोसों दूर, कांग्रेस ने न केवल उसे सही ठहराया, बल्कि झूठ के साथ आरोपी का बचाव भी किया। कांग्रेस ने एक घृणित वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं हैं। मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है।

**पूनावाला बोले- सारी हदें पार कीं**

### कांग्रेस झूठ बोलकर कर रही बचाव



बिहार कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां पर जारी किए गए एआई वीडियो पर भाजपा नेता शहनाज पूनावाला ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीएम की मां को गाली देने का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ झूठ बोलकर आरोपी का बचाव किया, बल्कि तारिक अनवर का भी बचाव किया है। अब बिहार कांग्रेस ने एक घिनौने वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं है। यह पार्टी गांधीवादी की बजाए गालीवादी हो गई है। पूनावाला ने कहा कि महिला और मातृ शक्ति का अपमान करना कांग्रेस की पहचान बन गई है।

### कैप्शन में लिखा- 'साहब के सपनों में आई मां...'

बिहार कांग्रेस ने 10 सितंबर को एक एआई वीडियो जारी किया है, जिसमें पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार दिखाया गया है। इसमें पीएम मोदी की मां उनसे बात करती दिखाई दे रही हैं। इस एआई वीडियो में नोटबंदी, बिहार में राजनीति समेत कई मुद्दों पर बात की गई है। जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, 'साहब के सपनों में आई मां...'।

### हार के डर से मानसिक संतुलन खोयाः राजीव रंजन



इस तरह के वीडियो पर जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब हार पक्की हो तो राजनीतिक दलों के लिए अपना मानसिक संतुलन बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। इस बार का ट्वीट इनकी हताशा और बौखलाहट को जाहिर करता है। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माताजी को पहले इनके मंच से गालियां दी गईं और फिर इनकी इस वीडियो के माध्यम से उनका घोर अपमान किया गया है। कांग्रेस के लिए आने वाला समय बहुत मुश्किल होने वाला है।

### पीएम मोदी ने बताया था महिलाओं का अपमान, पीड़ादायी

दरभंगा के मंच से एक शख्स ने पीएम मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे थे, तब से यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पीएम मोदी भी जापान-चीन की यात्रा से लौटने के बाद अपनी मां को गाली देने के मुद्दे को महिलाओं का मुद्दा बनाते हुए कहा था कि मां हमारा संसार होती हैं। मां आत्म सम्मान होती हैं। उन्होंने कहा था कि मेरी मां ने मेरी परवरिश बहुत कठिनाई से की। आज अपनी बात कहते हुए यहां बैठी माताओं की आंखों में आंसू देख कर मुझे बहुत पीड़ा हो रही है।

---

**बसई वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट टेंडर में गड़बड़ी चीफ इंजीनियर को चार्जशीट करने के आदेश**

## विकास परियोजनाओं में ईमानदारी और गुणवत्ता से समझौता किसी स्तर पर नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के बसई वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट में टेंडर प्रक्रिया में हुई गंभीर गड़बड़ियों पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले चीफ इंजीनियर को चार्जशीट करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया के दौरान जानबूझकर नियमों की अनदेखी की गई, जिसके चलते राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। इससे परियोजना के क्रियान्वयन में भी अनावश्यक देरी हुई है, जिससे जनता को समय पर सुविधा नहीं मिल सकी। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शुक्रवार को चंड़ीगढ़ में उनकी अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा और राज्य मंत्री राजेश नागर उपस्थित रहे।

सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया में शामिल संबंधित अधिकारी को चार्जशीट करते हुए सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी स्तर पर इस प्रकार की लापरवाही और अनियमितता दोबारा न हो सके। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की नीति भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के प्रति जीरो टोलरेंस की है और जनता के हितों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सरकार का लक्ष्य पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन देना है। विकास परियोजनाओं में ईमानदारी, गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 851 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी

एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में लगभग 851 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 28 करोड़ रुपए की बचत की गई है। इसके अलावा, यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन में 16,20,25,63 और 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के लिए 133 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड और एचएसडब्ल्यूसी द्वारा आवश्यक 18,353 ब्लैक पॉलीथीन कवर की खरीद के लिए भी वार्षिक दर अनुबंध को मंजूरी दी गई।

### 178 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क सुदृढ़ीकरण कार्यों को मिली मंजूरी

बैठक में करनाल-असंध- जींद- हांसी- तोशाम- सोडिवास सड़क के खंड हांसी-तोशाम सड़क एसएच-12 को 14.13 करोड़ की लागत से फोर-लेन करने और सुदृढ़ीकरण को मंजूरी दी गई। तोशाम - भिवानी सड़क की विशेष मरमत, रोहतक खरखौदा दिल्ली बॉर्डर सड़क का सुदृढ़ीकरण, बेरली कलां होते हुए कोसली तक रेवाड़ी- दादरी सड़क के सुदृढ़ीकरण, गोहाना लाखन माजरा महम भिवानी, सुरेवाला चौक से उकलाना रोड तक मरम्मत को भी मंजूरी दी ।

---

**उत्तराखंड में पर्यटन के लिए पहल**

## केंद्र-एडीबी ने 126 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर किए साइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सतत पर्यटन और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक ने 10 सितंबर को 126.42 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण समझौता किया। यह निधि उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में 'सस्टेनेबल, इन्क्लूसिव एंड क्लाइमेट-रेज़िलिएंट टूरिज्म डेवलपमेंट एट टिहरी लेक एरिया प्रोजेक्ट' को सहयोग प्रदान करेगी। सरकार के आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने साइन किए।



### टिहरी गढ़वाल पर फोकस

टिहरी गढ़वाल जिले का टिहरी झील क्षेत्र, जहा आर्थिक अविकास और जलवायु जोखिम अधिक है को प्राथमिकता वाले विकास क्षेत्र के रूप में चुना गया है। इसका उद्देश्य टिहरी को एक सालभर पर्यटन योग्य स्थल बनाना है, आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु अनुकूलता सुनिश्चित करना है।

**कोठारी ने पूरी की नॉर्थ पोल मैराथन**

## वे पहले भारतीय बने, दिल्ली की सीएम रेखा ने किया सम्मानित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलकाता में जन्मे उद्यमी और अन्वेषक राम गोपाल कोठारी को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आयोजित एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। कोठारी ने हाल ही में भौगोलिक नॉर्थ पोल (90 डिग्री नार्थ) पर फुल मैराथन पूरा कर इतिहास रचा है। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय हैं। यह उनका पहला फुल मैराथन भी था। कोठारी ने कहा कि मैं सिर्फ बर्फ़ पर नहीं दौड़ रहा था, मैं विश्वास और वादे पर दौड़ रहा था और पूरा भी किया।



### 13 जुलाई को नॉर्थ पोल मैराथन जीती

यह दौड़ बहते बर्फीले समुद्र (आर्कटिक ओशन) की परतों पर आयोजित होती है। तापमान माइनस 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, तेज हवाएं चलीं । जूते बर्फीले पानी से भर गए। 9 बार मांसपेशियों में खिंचाव आया, पैर की अंगुली चोटिल हुई। 13 जुलाई को दौड़ पूरी की।

**उत्तर प्रदेश के खुर्जा में बना 'अनोखी दुनिया पार्क'**

## 80 टन सिरेमिक कचरे से किया गया तैयार वर्षों पुरानी सिरामिक विरासत को पहचान मिली

एजेंसी ▶▶ खुर्जा

स्वच्छता, कला और पर्यटन जब ये तीनों एक साथ जुड़ जाएं तो नतीजा बेहद खास होता है। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा में ऐसा ही एक अनोखा प्रयोग हुआ है। यहां दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट से बना पार्क तैयार किया गया है, जिसका नाम है, अनोखी दुनिया। ये पार्क न सिर्फ मनोरंजन का केंद्र होगा, बल्कि खुर्जा की सदियों पुरानी सिरामिक विरासत को भी नई पहचान देगा। योगी सरकार द्वारा लगातार प्रदेश के ट्रेडिशनल उद्योगों को दुनियाभर में पहचान दिलाने के साथ आधुनिकता से जोड़ा जाने का लगातार काम किया जा रहा है।

**स्वच्छता, कला और पर्यटन का संगम**



### 100 छोटी बड़ी अनोखी कलाकृतियां बनाई गईं

बुलंदशहर खुर्जा विकास प्राधिकरण की पहल से बना ये 'अनोखी दुनिया' पार्क खुर्जा के सिरेमिक उत्पाद को दुनिया भर में एक अलग पहचान देगा। इस पार्क में सिरेमिक वेस्ट से 6 कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने करीबन 100 छोटी बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और दूसरे बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं 28 बड़ी कलाकृतियां, पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने का काम कर रही हैं। करीबन 2 एकड़ में फैला हुआ है।

---

**कर्नाटक में 22 सितंबर से नई जाति गणना का ऐलान**

## सरकार ने पुराना सर्वे अस्वीकार किया, अब सामाजिक-आर्थिक व शैक्षिक सर्वेक्षण होगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने घोषणा की कि कर्नाटक 22 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच एक नया सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण कराएगा। 2015 में हुई जाति जनगणना को सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। पिछली जनगणना के एक दशक बीत जाने के बाद समाज की वर्तमान वास्तविकताओं को समझने के लिए एक नया सर्वेक्षण आवश्यक हो गया है। मुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में कई धर्म और जातियां हैं। विविधता और असमानता भी है। संविधान कहता है कि सभी समान होने चाहिए और सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह सर्वेक्षण असमानताओं को दूर करने और लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने की दिशा में अहम कदम है।

**22 सितंबर से 7 अक्टूबर तक किया जाएगा**



### सात करोड़ परिवारों की आबादी को शामिल करेंगे

कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से किए जाने वाले इस सर्वेक्षण में राज्य के लगभग सात करोड़ परिवारों की पूरी आबादी को शामिल किए जाने की उम्मीद है। प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट घरेलू पहचान पत्र (यूआईडी) स्टिकर दिया जाएगा, जिसमें अब तक 1.55 करोड़ स्टिकर लगाए जा चुके हैं। परिवारों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक स्थिति का विवरण एकत्र करने के लिए 60 प्रश्नों वाली एक प्रश्नावली आयोजित की जाएगी।

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने की अनूठी सार्वजनिक पहल**

# इस साल 13 राज्यों के 3 करोड़ 80 लाख किसानों को एसएमएस से मिले एआई-आधारित मानसून पूर्वानुमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय (एमओएएफडब्ल्यू) किसानों के लिए एआई की शक्ति का उपयोग कर रहा है। एक अनूठी सार्वजनिक पहल के तहत, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने इस वर्ष 13 राज्यों के लगभग 3 करोड़ 80 लाख किसानों को एसएमएस (एम-किसान) के माध्यम से एआई-आधारित मानसून पूर्वानुमान भेजे। यह पूर्वानुमान बारिश से चार सप्ताह पहले तक उपलब्ध थे। देश के करोड़ों किसानों की आय और आजीविका का मुख्य स्रोत खरीफ की खेती है लेकिन इसके लिए किसान वर्षा पर निर्भर हैं। मानसून के बारे में यदि किसानों को पहले से ही मौसम संबंधी पूर्व जानकारी मिल जाए तो उन्हें यह निर्णय लेने काफी मदद मिल सकती है कि कौन सी फसल, कितनी मात्रा में और कब बोनी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा संचालित मौसम पूर्वानुमान में क्रांति के कारण अब यह संभव हो सका है। मंत्रालय के अनुसार एआई-आधारित मॉडलों ने किसानों की ज़रूरतों के अनुसार विशेष रूप से पूर्वानुमान तैयार करना संभव बना दिया है, जिससे किसानों को खरीफ फसल संबंधी निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण मिला। यह अब तक एआई मौसम पूर्वानुमानों का अपनी तरह का पहला लक्षित प्रसार है, जिसने मंत्रालय को किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए एआई मौसम पूर्वानुमान लागू करने में विश्व-अग्रणी के रूप में स्थापित किया है। अपर सचिव डॉ. प्रमोद कुमार मेहरदा और संयुक्त सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कृषि भवन में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम समीक्षा बैठक में, नोबेल पुरस्कार विजेता और शिकागो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर माइकल क्रेमर के साथ मंत्रालय की इस अभूतपूर्व पहल और कार्यक्रम के विस्तार पर चर्चा की।

### एआई क्रांति ने मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान को पूरी तरह बदला

वर्ष 2022 से, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से प्रेरित क्रांति ने मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान को पूरी तरह बदल दिया है और कई स्थितियों में अधिक सटीक पूर्वानुमान प्रदान किए हैं। इन मॉडलों को उपयोगकर्ता की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित किया जा सकता है और ये भारतीय मानसून जैसी जटिल घटनाओं का हफ्तों पहले पूर्वानुमान लगाने की क्षमता को और बढ़ा रहे हैं। मंत्रालय ने करोड़ों किसानों के हित के लिए इस क्रांति को लागू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

# रसोई का सामान महंगा होने से खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मामूली बढ़कर पहुंची 2.07 प्रतिशत

■ जुलाई में खुदरा महंगाई 1.61 प्रतिशत थी

■ नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद वृद्धि दर्ज



**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में मासिक आधार पर बढ़कर 2.07 प्रतिशत हो गई। मुख्य रूप से सब्जियों, मांस और मछली की कीमतों में वृद्धि के कारण महंगाई बढ़ी है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इससे पिछले महीने जुलाई में यह 1.61 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में नौ महीनों तक लगातार गिरावट के बाद मुद्रास्फीति में यह वृद्धि हुई है। नवंबर 2024 से इसमें गिरावट आ रही थी।

हालांकि सालाना आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में कमी आई है। बीते वर्ष अगस्त में यह 3.65 प्रतिशत थी। इस दौरान खाद्य मुद्रास्फीति शून्य से नीचे यानी इसमें 0.69 प्रतिशत की गिरावट आई।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, ''अगस्त 2025 के दौरान सकल मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप रूप से सब्जियों, मांस और मछली, अंडे, तेल और वसा, व्यक्तिगत देखभाल और खाद्य उत्पादों के महंगा होने के कारण हुई।

## अच्छे रुझानों के बावजूद बढ़ी महंगाई

नायर ने कहा, ''आगे खरीफ बुवाई के अच्छे रुझानों के बावजूद, अगस्त 2025 के अंत और सितंबर 2025 की शुरुआत में देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ से फसल की पैदावार और कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।''

## विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि

स्वर्ण भंडार का मूल्य बढ़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 698.27 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया था। आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पांच सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54 करोड़ डॉलर बढ़कर 584.47 अरब डॉलर हो गईं।

## देश के स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी


डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य सप्ताह में देश का स्वर्ण भंडार 3.53 अरब डॉलर बढ़कर 90.30 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.74 अरब डॉलर रह गए। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष में भारत की आरक्षित भंडार 20 लाख डॉलर बढ़कर 4.75 अरब डॉलर हो गया।

## मुद्रास्फीति चार फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी

सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनाये रखने की जिम्मेदारी दी हुई है। ग्रामीण भारत में मुद्रास्फीति जुलाई के 1.18 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त में 1.69 प्रतिशत हो गई। देश के शहरी क्षेत्रों में, यह मासिक आधार पर 2.1 प्रतिशत की तुलना में 2.47 प्रतिशत रही।

# सकारात्मक संकेतों से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच शुक्रवार को वैश्विक बाजार में तेजी के अनुरूप स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 356 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी में 108 अंक की तेजी रही। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सफल समापन को लेकर नए सिरे से जगी उम्मीदों ने भी बाजारों में तेजी को बढ़ावा दिया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार पांचवें दिन 355.97 अंक उछलकर 81,904.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 108.50 अंक बढ़कर 25,114 अंक पर रहा। यह लगातार आठवां दिन है जब निफ्टी में तेजी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, मारुति और टाटा मोटर्स के शेयरों में तेजी रही।



# सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें नई ऊंचाई पर पहुंच गईं। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई। यह कीमत 700 रुपये के उछाल के साथ 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,13,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चालू वर्ष में सोने की कीमतों में 34,850 रुपये प्रति 10 ग्राम या 44.14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सोने का भाव 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। स्थानीय सर्राफा बाजारों में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गयी। यह सोने का अबतक का उच्चतम स्तर है। बृहस्पतिवार को यह 1,12,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 4,000 रुपये की बढ़त के साथ 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।



# डिफॉल्ट किया बैंक लोन तो लॉक हो जाएगा मोबाइल फोन



**नई दिल्ली।** बैंक लोन डिफॉल्ट करने वालों की मुसीबत और बढ़ने वाली है। रिजर्व बैंक इसके लिए नियमों में बदलाव करने पर विचार कर रहा है। आरबीआई का प्लान है कि जिन ग्राहकों ने बैंक लोन डिफॉल्ट किया है, तो संबंधित बैंक उस ग्राहक के मोबाइल नंबर को भी लॉक कर सकेंगे। यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा। इसका मकसद बैड लोन को कम करने के साथ ही रिकवरी को बढ़ाना है। हालांकि, इस नए नियम को लागू किए जाने से पहले ही उपभोक्ताओं के अधिकार, डाटा सुरक्षाऔर डिजिटल एक्सेस को लेकर बहस भी तेज हो गई है। फेयर प्रैक्टिस कोड अपडेट करेगा आरबीआईआरबीआई ने अपने प्रस्तावित गाइडलाइन में कहा है कि अगले कुछ महीने में फेयर प्रैक्टिस कोड को अपडेट करने वाला है। इसके तहत रिजर्व बैंक ने लोन डिफॉल्टर को लेकर नया कानून बनाने की बात कही है। आरबीआई का मानना है कि लोन डिफॉल्टर के मोबाइल नंबर को लॉक किए जाने से उन पर लोन को चुकाने का दबाव बढ़ेगा और बैड लोन की बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जा सकेगी। चिंता और सहूलियत दोनों पर मंथन आरबीआई के इस नए नियम पर बैंकों को जहां सहूलियत होने वाली है, वहीं ग्राहकों पर इसका दबाव बढ़ने की चिंता भी सता

■ यह नियम स्मॉल टिकट वाले लोन पर लागू किया जाएगा

## रिलायंस कंज्यूमर का नागपुर में विनिर्माण संयंत्र पर निवेश

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) महाराष्ट्र के कटोल में खाद्य उत्पादों और पेय पदार्थों के लिए एक एकीकृत विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी।


**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Aashima Garg**
Civil Judge (Junior Division),
**M/S PARQUETFLOOR**
**Vs.**
**M/S PARQUET FURNISHERS PVT. LTD.**
CASE NO. RSUIT/56/2019
CNR No. HRJRA0-000267-2019
Next Date : 20.09.2025

**PUBLICATION ISSUED TO:**
**1. M/S PARQUET FURNISHERS PVT. LTD. :-**
**D-48 1ST FLOOR AJAY ENCLAVE SUBHASH NAGAR CROSSING NEW DELHI 110081 THROUGH ITS DIRECTOR ALSO AT 213, UDYOG VIHAR, PHASE 6, SEC 37, NEAR HERO HONDA CHOWK, GURUGRAM HR 2. MR. NAVINDER SINGH SOIN, DIRECTOR OF M/S PARQUET FURNISHERS PVT. LTD. 3. MR. BHUPINDER PAL SINGH DIRECTOR OF M/S PARQUET FURNISHERS PVT. LTD. 4. MS. SUDHA BHUPINDER SINGH DIRECTOR OF M/S PARQUET FURNISHERS PVT. LTD. R/O D-48, IST FLOOR, AJAY ENCLAVE, NEAR SUBHASH NAGAR CROSSING, NEW DELHI 110081**

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.09.2025 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar***
Sd/- Civil Judge (Junior Division),
Dated, this day of 12.09.2025



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजीव उर्फ गोलू पुत्रः** वीरेंद्र **पताः** मकान नंबर टी–24, झुग्गी रेलवे कॉलोनी, पेट्रोल पंप के पास के पास, खन्ना मार्केट, मिठाईपुल, दिल्ली, ने **FIR No. 13262/2020, U/s 379/411 IPC थानाः सदर बाजार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ गोलू** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ गोलू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 13262/2020, U/s 379/411 IPC थानाः सदर बाजार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजीव उर्फ गोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
जेएमएफसी – 06, कक्ष – 247
तीस हजारी, दिल्ली

DP/12252/N/2025
(Court Matter)



## कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

क्रमांक 1868/न.पा.नि./ लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 11/09/2025

**// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय) //**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर में सब्जी मण्डी से वाईन शॉप रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 199.93 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175033) तथा अधोसंरचना मद अन्तर्गत नवीन कार्यालय भवन में विद्युतीकरण कार्य लागत राशि रूपये 81.47 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175111) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **नरेन्द्र पुत्रः** रामधनी **पताः** ग्राम–पिपरच, जिला, गोरखपुर, यूपी एवं मकान नंबर बी–96, सकरपुर, दिल्ली, सकरपुर पूर्वी दिल्ली, ने **FIR No. 408/2023, U/s 406/419/ 420/120B,34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेन्द्र,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेन्द्र,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 408/2023, U/s 406/419/420/120B,34 IPC थानाः निहाल विहार, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **नरेन्द्र,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 292
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12237/OD/2025
(Court Matter)


# जापानी कंपनी यामाहा ने दिया पाकिस्तान को जोर का झटका, बंद किया बाइक उत्पादन

■ देश में बाइक मैन्युफैक्चरिंग नहीं होगी, लेकिन ग्राहकों को पार्ट्स, वारंटी और तकनीकी सहायता मिलती रहेगी



**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट में भारत ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए एक ऐसा मार्केट है जहां हर कंपनी एंट्री करने को बेताव है। हाल ही में टेस्ला और विनफास्ट जैसी कंपनियों का आना इसका बड़ा उदाहरण भी है। दूसरी तरफ, हमारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के लिए सब कुछ उल्टा चल रहा है।

दरअसल, भारतीय बाजार में शान से अपने टू-व्हीलर्स बेचने वाली कंपनी यामाहा ने पाकिस्तान से अपनी दुकान समेटने का ऐलान कर दिया है। कंपनी ने अपने ऑफिशियल सोशल अकाउंट पर एक प्रेस रिलीज जारी करके इसकी जानकारी शेयर की। कंपनी ने बताया कि हम अपनी मोटरसाइकिल का प्रोडक्शन पाकिस्तान में बंद कर रहे हैं। यामाहा

## सर्विस व ग्राहक सहायता जारी रहेगी

कंपनी ने आगे लिखा कि भविष्य में यामाहा की पॉलिसी के अनुसार, हम आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त स्टॉक के साथ वाईएमपीके-अधिकृत डीलर्स के माध्यम से स्पेयर पार्ट्स की सप्लाई करेंगे। हम मौजूदा वारंटी योजना के अनुसार सर्विस और ग्राहक सहायता प्रदान करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

पाकिस्तान में चार मोटरसाइकिल–वाईबीआर 125, वाईबीआर 125G, वाईबी 125जेड और वाईबी 125जेड-डीएक्स बनाती और बेचती रही है।

# जीएसटी सुधार से कोयले पर कर घटेगा

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि जीएसटी दरों में किए गए बदलाव से कोयले पर कर का बोझ घटेगा और बिजली उत्पादन की लागत में कमी आएगी। पहले कोयले पर पांच प्रतिशत जीएसटी के साथ 400 रुपये प्रति टन क्षतिपूर्ति उपकर लगाया जाता था। अब जीएसटी परिषद ने उपकर को हटाने और कोयले पर जीएसटी दर को 18 प्रतिशत करने का फैसला किया है। कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कर सुधारों से ग्रेड जी-6 से जी-17 तक के कोयले पर कर घटने से बिजली क्षेत्र को औसतन 260 रुपये प्रति टन की बचत होगी। इससे बिजली उत्पादन लागत में 17–18 पैसे प्रति यूनिट की कमी आने का अनुमान है। पहले समान उपकर की वजह से कम गुणवत्ता वाले और सस्ते कोयले पर कर बोझ अधिक था। जी-11 ग्रेड वाले गैर-कोकिंग कोल पर कर 65.85 प्रतिशत तक पहुंच जाता था जबकि उच्च गुणवत्ता वाले जी-2 ग्रेड कोयले पर यह 35.64 प्रतिशत था। लेकिन अब सभी श्रेणियों वाले कोयले में कर की दर 39.81 प्रतिशत पर एकसमान हो गई है।

बिजली उत्पादन लागत होगी कम : मंत्रालय


## कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email ID-cmoamdi@gmail.com

क्रमांक /919/ न०पं०/ लोनिवि / 2025-26 आमदी, दिनांक 10/09/2025

**-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 175192 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (RupeesOne lakhFifty Thousandonly) TDR/FDR in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | INR Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF UNICIPAL OFFICER, Nagar Panchayat, AAMDI. | Construction Period-15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 03.10.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब पोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी जिला- धमतरी (छ.ग.)



## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया, छत्तीसगढ़

**-:: द्वितिय ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक / 2035 / निर्माण / आ.वि./ 2025-26 कोरिया, दिनांक 09/09/2025

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत छात्रावास / आश्रमों के निविदा हेतु निम्नलिखित कार्य के लिए कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास) जिला - कोरिया में नीचे दर्शाये गये विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "सी" श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची जो दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दर अनुसूची जो दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील है। एस.ओ. आर. पद्धती के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र ऑनलाईन बीड सम्मिट करने की अंतिम तिथि | रजिस्ट्रड / स्पीड पोस्ट से चालान की प्रति एवं दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 175060 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कटगोडी भवन निर्माण | 189.70 | 1.043 | 1 वर्ष | 3000 | 23.09.2025 | 25.09.2025 |

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** में देखी जा सकती है।

(उषा लकड़ा)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कोरिया

G-252603461/2


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन:** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


हरिभूमि **क्लासीफाइड** विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मैट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज


# सेबी का आईपीओ के नियमों में ढील देने का फैसला

**मुंबई।** पूंजी बाजार नियामक सेबी के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को आईपीओ संबंधी नियमों, विदेशी निवेशकों के लिए प्रवेश को आसान बनाने और सार्वजनिक निर्गमों में एंकर निवेशकों के लिए एक नए ढांचे पर केंद्रित महत्वपूर्ण सुधारों को मंजूरी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय की अध्यक्षता में हुई निदेशक मंडल की बैठक में ये फैसले किए गए। पांडेय के कार्यकाल की यह तीसरी बोर्ड बैठक थी। बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों में बहुत बड़ी कंपनियों के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने संबंधी न्यूनतम शर्तों में ढील देना और न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता मानदंडों को पूरा करने के लिए समयसीमा को बढ़ाना शामिल है।सेबी ने एकल खिड़की पहुंच की शुरुआत के साथ कम जोखिम वाले विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति बाजार में भागीदारी को आसान बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।

■ सेबी निदेशक मंडल ने कई प्रस्तावों को मंजूरी दी


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक / 446 / लो.नि.वि./ न.पा.प./2025 बलौदाबाजार, दिनांक 12.09.2025

**ई प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (प्रथम निविदा आमंत्रण)**
Main portal http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal-http://uadd.cgeprocurement. gov.in
Email- cmobalodabazar@rediffmail.com


नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 175234 | नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के विभिन्न प्रयोजन हेतु अकुशल / अर्द्धकुशल / कुशल / उच्च कुशल प्लेसमेंट श्रमिक एवं स्वच्छता कमाण्डों श्रमिकों की आपूर्ति कार्य। | 106.66 | 80000.00 | 3000.00 | 12 माह | 06.10.2025 |
| 02 | 175489 | वार्ड क्रमांक 12 रामसागर तालाब सौदर्यीकरण कार्य | 197.96 | 143000.00 | 3000.00 | 09 माह | 03.10.2025 |

टीप :- उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cgeprocurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार


## शब्द पहेली - 5987




**बाएँ से दाएँ**
1.सहयोग की भावना–5
4.अकस्मात,एकाएक–4
7.पराजय–2
8.नाव चलाने वाला–3
9.भीगा हुआ–2
10.अनुवाद–4
11.बेल–2
13.योग्य,सही–3
14.घोड़ा गाड़ी–2
15.काव्य,गजल–3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान–2
19.नामकरण–2,3
22.राजा का महल–5
25.प्रेम,ममता–2
26.कपड़े की दीवार–3
28.रास्ता,मार्ग–2
29.सिर,खोपड़ी–3
30.माप–2
32.गुस्सा करना–4
34.व्यंग,चुटीली बात–2
36.नायक,नेता–3
37.एक आंख वाला–2
38.रचनाकार–4
39.कृष्ण का एक नाम–3,2

**ऊपर से नीचे**
1.महोदय (अंग्रेजी–2)
2.डरपोक,भीरू–3
3.व्यंग कसना –5
4.बुद्धि–3
5.झुका हुआ–2
6.कर देने वाला–4
7.चोरी करना,छीनना (मु.–2,3)
10.तहखाना–4
12.एकटक देखना–2
16.वियोग,जुदाई–3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म–2
18.खुजली–2
20.घोटना,मंथन करना–3
21.पत्र,चिट्ठी–2
22.रास्ता–2
23.सुगंधित होना–4
24.बिजली का कौंधना–5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू–5)
26.भगवान,ईश्वर–4
27.पेड़ का मध्य भाग–2
31.पटाखे की बाती,–3
33.अभिव्यक्ति–3
35.नृत्य,डांस–2
37.छोटी सवारी गाड़ी–2

**शब्द पहेली- 5986 का हल**





# महिला एशिया कप हॉकी : भारत को उठाना होगा मौकों का फायदा, सुपर-4 में आज जापान से सामना

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पिछले मैच में चीन से हार के कारण आहत भारतीय टीम को अगर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करनी है तो उसे शनिवार को जापान के खिलाफ होने वाले सुपर 4 चरण के महत्वपूर्ण मैच में मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। भारतीय टीम ने पूल चरण में जापान के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला था और उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में भी ड्रॉ की जरुरत होगी। विश्व की चौथे नंबर की टीम चीन पहले ही फाइनल में जगह बना चुका है। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। चीन के खिलाफ हुए सुपर 4 मैच से पहले भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय थी, जिसमें उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत ने कुछ मौके गंवाए, जिनमें तीन पेनल्टी कॉर्नर भी शामिल थे, जिसकी उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी।



### भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का मौका

भारत वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर है और वह चीन के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप खिताब जीतने वाली टीम अगले वर्ष 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी। रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर मेजबान चीन टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन अगर भारत के अपने अगले दो मैच में अवसरों का पूरा फायदा उठाता है तो उसके पास भी विश्व कप में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका है।

### शर्मिला देवी और ब्यूटी को करना होगा खेल में सुधार

इसके अलावा रुतुजा दादासो पिसल लालरेमसियामी, उदिता, शर्मिला देवी और ब्यूटी डुंग डुंग को भी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद अपने खेल में सुधार करना होगा। नेहा गोयल और वैष्णवी विट्ठल फाल्के भारत की मध्य पंक्ति की धुरी हैं लेकिन उन्हें अग्रिम पंक्ति के लिए अधिक मौके बनाने होंगे। कप्तान सलीमा टेटे को भी अपने खेल में सुधार करने और टीम को प्रेरित करने की जरूरत है, जिसमें अब तक कमी दिखी है।



### शानदार फॉर्म में मुमताज

भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के लिए चिंता का विषय खराब फिनिशिंग है और वह उम्मीद करेंगे कि उनके स्ट्राइकर मौकों का फायदा उठाएंगे। चीन के खिलाफ स्कोरलाइन इस बात का संकेत नहीं थी कि भारत ने गुरुवार को कैसा प्रदर्शन किया, क्योंकि उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को कड़ी टक्कर दी और मैच के अधिकांश समय तक गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा। मुमताज खान शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कुछ खूबसूरत मैदानी गोल भी किए हैं, लेकिन उन्हें नवनीत कौर जैसी खिलाड़ियों से अधिक सहयोग की उम्मीद होगी।



## हांगकांग ओपन: आरिफ-याप को हराकर आखिरी चार में जगह बनाई

# एक घंटे चले मुकाबले में सात्विक-चिराग ने दिखाया आक्रामक खेल, मलेशिया को हराया

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की टॉप रैंकिंग बैडमिंटन जोड़ी हांगकांग ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को हराकर भारतीय जोड़ी ने आखिरी चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त इस भारतीय जोड़ी ने आरिफ और याप को तीन गेमों तक चले मुकाबले में हराया, जो एक घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच 21-14, 20-22, 21-16 से अपने नाम कर लिया। मलेशियाई जोड़ी ने अपने दमदार आक्रमण से भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर पाए। सात्विक का खेल काफी बेहतर रहा। चिराग ने कभी-कभी सर्विस में गड़बड़ी की और बैककोर्ट में फ्लाइट का गलत आंकलन भी किया, जिससे मैच के कुछ अहम मौकों पर अंक गंवा दिए।



### दूसरे गेम में चिराग कर बैठे गलती

एक घंटे चार मिनट तक चले इस मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहले और तीसरे गेम में दबदबा बनाया। दूसरे गेम में भी उन्होंने लगभग बढ़त हासिल कर ली थी और लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया था, लेकिन चिराग की एक छोटी सर्विस ने गति बदल दी और मलेशियाई टीम ने पहले ड्यूस के बाद दो अंकों के अंतर से गेम अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल तक का सफर नहीं रहा आसान

सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा। बीते दिन इस जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया था। पिछले 12 महीनों में संघर्ष करने के बाद अब ऐसा नजर आ रहा है कि इस जोड़ी ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। उन्होंने सही समय पर अपना स्तर बढ़ाया और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर टूर्नामेंट में पदक जीता था।

## एशिया कप छह बार की चैंपियन है श्रीलंका

# बांग्लादेश के सामने श्रीलंका की कड़ी चुनौती, भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

अपने पहले मैच में हांगकांग पर आसान जीत से उत्साहित बांग्लादेश की टीम शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में छह बार के चैंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी, जो इस मुश्किल ग्रुप का भाग्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। एशिया कप खिताब की तलाश में लगे बांग्लादेश के अभियान की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लिटन दास ने 59 रन की पारी की मदद से बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने इस मैच में भले ही आसानी से जीत हासिल की लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं, जिनमें उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई। इनमें गेंदबाजी विभाग प्रमुख है।



तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन विकेट लेने के बावजूद रन लुटा बैठे। श्रीलंका के खिलाफ ऐसी कोई भी गलती बांग्लादेश को भारी पड़ सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**बांग्लादेशः** लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन।

**श्रीलंका** : चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## आईजीपीएल टूर्नामेंट के चैंपियन बने भुल्लर



चंडीगढ़। एशियाई टूर पर 11 खिताब के साथ सबसे सफल भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपने अनुभव और कोर्स (गोल्फ मैदान) के कुशल इस्तेमाल से दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट के पहले आयोजन के चैंपियन बने। आईजीपीएल के इस आइकन खिलाड़ी ने 70-71-70 के शानदार दौर के साथ कुल पांच अंडर का कार्ड खेल एम धर्मा को दो शॉट से पछाड़ा। भुल्लर को 1.5 करोड़ रुपए के पुरस्कार पूल से 22.50 लाख रुपए का चेक मिला। दूसरे स्थान पर रहे धर्मा ने 15 लाख रुपए जीते।

## कुंदन और हुसैन अल्ट्रा रेस में बने विजेता



लेह। स्थानीय धावकों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लद्दाख की सड़कों पर हुई रेस में दबदबा बनाया, जिसमें त्सावांग कुंदन सिल्क रुट अल्ट्रा वर्ग में जबकि शब्बीर हुसैन खारदुंगला चैलेंज में विजेता बने। कुंदन ने 13 घंटे, 50 मिनट और 01 सेकेंड का समय लेकर हिमालय के दुर्गम इलाकों से होकर गुजरने वाली 122 किलोमीटर लंबी सिल्क रुट अल्ट्रा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद फुंचोक नामगेल (14:38:14) दूसरे स्थान पर रहे जबकि स्कार्मा फुरबू त्सेरिंग 15:01:01 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं खारदुंगला चैलेंज में हुसैन ने 06:58:40 के समय के साथ जीत हासिल की और त्सेरिंग नोरबू (07:01:29) और स्टैनजिन नामग्याल (07:05:28) को एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।

## फिडे ग्रैंड स्विसः निहाल सरीन की बढ़त बरकरार

एजेंसी ▶▶| समरकंद

भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने फिडे ग्रैंड स्विस के आठवें दौर में शुक्रवार को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ के बाद, दोनों खिलाड़ी छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में हालांकि आर वैशाली की हार थोड़ी निराशाजनक कर रही क्योंकि उन्होंने अपनी एकल बढ़त गंवा दिया। वह कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा से हार गईं। गत चैंपियन विदित गुजराती को भी जर्मनी के विन्सेंट कीमर से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में रूस की कटेरीना लाग्नो ने मारिया मुजीचुक को हराकर 6.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली है। वह अब असाउबायेवा, वैशाली और चीन की यूक्सिन सोंग से आधा अंक आगे हैं। इन तीनों खिलाड़ियों के नाम छह अंक है। निहाल सरीन ने काले मोहरों से खेलते हुए 'क्वीन्स गैम्बिट' का विकल्प चुना और ब्लूबाउम से उन्हें कोई खास चुनौती नहीं मिली। यह गेम सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ हो गया। दोनों खिलाड़ियों ने एक ही चाल के बार-बार रिपीट होने के बाद ड्रॉ पर सहमति जता दी।



## पाकिस्तान ने ओमान को 93 रन से रौंदा

दुबई। मोहम्मद हारिस की 66 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन से पाकिस्तान एशिया कप टी20 अंतरराष्ट्रीय के ग्रुप ए मैच में शुक्रवार को यहां ओमान पर 93 रन की बड़ी जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। पाकिस्तान ने सात विकेट पर 160 रन बनाने के बाद ओमन की पारी को 16.4 ओवर में 67 रन पर समेट कर बड़ी जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने ग्रुप ए में अब 14 सितंबर को भारत की चुनौती होगी और इस जीत से टीम का आत्मविश्वास थोड़ा बढ़ेगा। ओमान के लिए हम्माद मिर्जा ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाये। उनके अलावा आमिर कलीम (13) और शकील अहमद (10) ही दोहरे अंक में रन बना सके। पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ, सईम आयुब और सुफियान मुकिम ने दो-दो विकेट लिये। हारिस ने 43 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़ने के अलावा साहिबजादा फरहान (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

## रिकर्व में ओलंपिक चैंपियन लिम से प्री-क्वार्टर फाइनल में हारी गाथा



ग्वांगजू। विश्व चैंपियनशिप की रिकर्व तीरंदाजी में पदक जीतने का भारत का इंतजार बढ़ गया क्योंकि देश की आखिरी उम्मीद 15 वर्षीय गाथा खडके प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक लिम सी-हियोन से हार गईं। इससे पहले कि गाथा कुछ समझ पाती पलक झपकते ही सब कुछ खत्म हो गया। पेरिस ओलंपिक की तिहरी स्वर्ण पदक विजेता कोरियाई खिलाड़ी ने घरेलू दर्शकों के सामने बिना किसी परेशानी के यह मैच 6-0 से जीत लिया। भारत ने आखिरी बार 2019 में विश्व चैंपियनशिप में रिकर्व वर्ग में पदक जीता था।

## शेखावत का दमदार प्रदर्शन जारी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में



निंगबो। भारत के निशानेबाज भावेश शेखावत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के चौथे दिन दमदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन के पहले चरण में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। भावेश ने 97, 99 और 97 की श्रृंखला के साथ 293 का स्कोर बनाया। जर्मनी के इमानुएल म्यूलर 295 के साथ शीर्ष, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागेट 294 के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप सिंह शेखावत 288 (98, 95, 95) के साथ 24वें, जबकि मनदीप सिंह 272 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं।

## मेहुली और मानिनी ने किया निराश



निंगबो। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैंपियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोजिशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की थी।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03252216 | एंडलेस वी बेल्ट फॉर रेलवे कोचेस | 29646 नग | 07-10-25 |
| 02 | 77259045 RGC | रनिंग कॉन्ट्रेक्ट ऑफ प्रेसट्रेस्सेड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर (प्रेटेंसिओनेड टाइप) फॉर थिक वेब स्विच | 27335 नग | 07-10-25 |
| 03 | 02251682 | एल इ डी टाइप इमरजेंसी लाइट यूनिट (टाइप –1), सूटेबल फॉर सेल्फ जनरेटिंग ए सी एंड नॉन ए सी कोचेस | 2659 नग | 10-10-25 |
| 04 | 02252502 | 120 ए एच वाल्व रेगुलेटेड मेंटेनेंस फ्री लीड एसिड बैटरीज सेट | 1540 सेट | 13-10-25 |
| 05 | 19252719A | सस्पेंशन स्प्रिंग (सेकेंडरी) | 505 नग | 13-10-25 |
| 06 | 07255037 | सेट ऑफ एस एस आर एम पी यू थ्रोट असेंबली | 100 सेट | 27-10-25 |
| 07 | 06255028 | रेक्टेंगुलर होलो सेक्शन 550 X 600X 20 एम एम | 280000 किलो ग्राम | 29-10-25 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 46/2025–2026 दिनांकः–12.09.2025 2801/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**


| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | वार्ड नं. 14, पुराना वार्ड नं. 31, ओल्ड फरीदाबाद के संत नगर में वर्णित विभिन्न गलियों में आरसीसी ड्रेन के निर्माण के साथ-साथ 300 मिमी, 250 मिमी की सीवर लाइन और पानी की लाइन 100 मिमी, 150 मिमी डीआई पाइप के-7 के प्रावधान व बिछाने हेतु कच्चा लागत आकलन। | 08.09.2025 18.09.2025 | रु. 1,69,55,775/- | https://etenders.hry.nic.in | 9914544004 xenmcf3@gmail.com |
| 2 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-91, सूर्या नगर, फेज-II, वार्ड 26, डिवीजन-V, एमसीएफ में मकान नं. 696, 656, गेट नं. 3 के निकट शहीद भगत सिंह पार्क की दीवार पर सीमेंट प्लास्टर के साथ-साथ ग्रिल और चारदिवारी के अपग्रेडेशन / पुनर्निर्माण हेतु आकलन + 10 कार्य (फरीदाबाद)। | 10.09.2025 17.09.2025 | रु. 177.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/38645/1/88/7 दि. 12.09.25



हरियाणा सरकार

**निदेशालय, सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा, हरियाणा**



**आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट**

**निविदा सम्बन्धी सूचना**

1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे-44 पर 'आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक के सम्पूर्ण परिसर जैसे सम्पूर्ण प्रशासनिक ब्लॉक, संग्रहालय भवन, ऑडिटोरियम भवन, ओपन एयर थिएटर, आवासीय ब्लॉक, पार्किंग ब्लॉक, मेमोरियल टॉवर, स्मारक का बाहरी क्षेत्र जैसे गलियारे, सीढ़ियां, लॉबी, वॉशरूम, विश्राम कक्ष, पेन्ट्री, भोजनालय/कैंटीन, सामान्य क्षेत्र, रिसेप्शन, प्रतीक्षालय, रास्ते और प्रवेश द्वार इत्यादि की सामग्री सहित सफाई हेतु हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करने वाली एजेंसी/फर्म की आवश्यकता है।

विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाली एजेंसी की सेवाओं हेतु https://etenders.hry.nic.in पर टैंडर लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 13 अक्तूबर, 2025 सायं 4:00 बजे तक है। इस टैंडर की ID-2025_HRY_471847_1 है तथा इसके दस्तावेज़ व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अगर कोई बोलीदाता शहीद स्मारक देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. नं. 200-201, सैक्टर-17 सी, चण्डीगढ़
फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# भारत-फ्रांस ने आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने को लेकर जताई प्रतिबद्धता

## यह जानकारी आतंकवाद से मुकाबला विषय पर गठित किए गए दोनों देशों के संयुक्त कार्य-समूह की बैठक से मिली है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक संघर्षों की वजह से चिंताजनक बने हुए माहौल के बीच भारत और फ्रांस ने आतंकवाद, चरमपंथ और अलगाववाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने को लेकर एकजुटता जताई है। साथ ही इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले की भी कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि दोनों देशों के संयुक्त कार्य समूह की आतंकवाद से मुकाबला विषय पर आयोजित की गई एक बैठक से यह जानकारी मिली है। जो कि बीते गुरुवार को पेरिस में हुई थी। बैठक में विभिन्न देशों में वर्तमान में बने हुए खतरों के बारे में विचारों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही राज्य प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद, आतंकवादियों की क्षेत्र आधारित गतिविधियां और मध्य-पूर्व में बना हुआ आतंकवाद का खतरा मुख्य है। दोनों पक्षों ने बैठक में आतंकवाद से




संबंधित चुनौतियों जिसमें चरमपंथ और अलगाववाद के मुकाबले के अलावा आतंकियों द्वारा प्रयोग की जा रही नई तकनीक के इस्तेमाल के मामले का व्यापक रूप से आकलन करते हुए अपने विचार साझा किए।

### संवाद प्रक्रिया के विस्तार के पक्ष में दोनों

मंत्रालय ने बताया कि संयुक्त कार्य समूह ने अपनी चर्चा में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग के मुद्दे पर भी चर्चा की और उसमें प्रशिक्षण और अभ्यासों के माध्यम से क्षमता विकास के उपायों को बढ़ाने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और वित्तीय कार्रवाई कार्यदल (एफएटीएफ) में सहयोग के मसले पर मंथन किया। जो आतंकवाद के लिए कोई धन नहीं (एनएमएफटी) के तंत्र द्वारा संचालित होता है। भारत और फ्रांस आतंकवाद का मुकाबला करने से जुड़े हुए इस संवाद को और अधिक विस्तृत बनाने के पक्ष में हैं। जिसमें संगठित अपराधों, ऑनलाइन प्रोपेगेंडा को ध्वस्त करने के लिए द्विपक्षीय प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा सूचना और अनुभवों के आदान-प्रदान से जुड़े साझा चिंता वाले मामलों पर भी दोनों देशों ने चर्चा की है। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (आतंकवाद से मुकाबला) के.डी. देवल ने की। जबकि फ्रांसीसी दल का नेतृत्व ओलिवियर कॉरोन (आतंकवाद से मुकाबला विषय पर राजदूत) ने किया।

### भारत-ईयू के बीच हुई पीएससी की बैठक

वहीं, इस बैठक के अलावा 12 सितंबर को नई दिल्ली में यूरोपीय संघ (ईयू) की परिषद की राजनीतिक और सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्री, उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (उप-एनएसए) पवन कपूर, विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबि जॉर्ज और अन्य अधिकारी शामिल हुए। जबकि ईयू से 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष डेलफिन प्रॉन्क ने किया। उनका ये दल अपनी पहली एशिया यात्रा के तहत राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने तेजी से बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों और नियमित होने वाली क्षेत्रवार चर्चाओं को लेकर संतोष जाहिर किया। चर्चा में भारत-ईयू सहयोग को विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सुरक्षा और रक्षा का मामला भी इस बातचीत में मुख्य रूप शामिल किया गया।

### इस साल के अंत तक होगा एफटीए

*मंत्रालय ने कहा कि बैठक में दोनों पक्षों ने भारत-ईयू सुरक्षा व रक्षा भागीदारी व सूचना समझौते की सुरक्षा को लेकर जल्द अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने को लेकर प्रतिबद्धता जताई। इसके अलावा भारत-ईयू एफटीए को लेकर भी विचार-विमर्श किया। जिसे दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने इस वर्ष के अंत तक जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने का निर्देश दिया है। हालिया क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी दोनों देशों के नुमाइंदों ने चर्चा की। रक्षा उद्योग, मैन्युफैक्चरिंग में भी दोनों सहयोग बढ़ाने के उपाय तलाश रहे हैं। ईयू के दल का यह दौरा दो दिवसीय है। जिसमें वह भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात करेंगे, आईएफसी-आईओआर केंद्र में ब्रीफिंग होगी और भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। ईयू पीएससी की ये यात्रा इस साल फरवरी महीने में हुई ईयू के कॉलेज कमिश्नरों की ऐतिहासिक यात्रा के ठीक बाद हो रही है। जो एक गहरी भारत-ईयू सामरिक भागीदारी को लेकर संयुक्त प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है।*

---

## पाकिस्तान आतंकवाद पर यूएन में 4 सेकंड में दुनिया के सामने हुआ शर्मसार

# मानवाधिकार वकील नेउर बोले- पाक 'आतंक' को बढ़ाने वाला एक और देश

पाकिस्तान ने कतर का दिया साथ

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

इजराइल के कतर पर किए गए हालिया हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा हो रही है। इस आपात बैठक में गुरुवार को



पाकिस्तानी प्रतिनिधि को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं। वकील नुएर ने सिर्फ चार सेकंड और एक वाक्य में पाकिस्तान को विश्व मंच पर शर्मसार कर दिया। मानवाधिकार वकील और यूएन वॉच के कार्यकारी निदेशक हिलेल नेउर कतर पर हमास को पनाह देने का आरोप लगा रहे थे।




### पाक ने आरोपों को निराधार बताया

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि हम निराधार आरोप लगाने का विरोध करते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी अध्यक्ष से कहा कि कोई भी वक्ता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और संप्रभु सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन ना करे। इस समय नेउर के पास अपना भाषण पूरा करने के लिए चार सेकंड बचे थे। अपने भाषण के आखिर में नेउर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक और देश है।

*171 की मौत, 1000 घायल*

### इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 171 लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है।



■ नेतन्याहू बोले- जो अमेरिका ने किया, वही तो कर रहे

इजराइली हमले से गाजा में 150 की मौत, यमन में 10 कतर में 6 की मौत, लेबनान में 5 की मौत हुई हैं।

---

## गुरुग्राम में कमीशन हुआ भारतीय नौसेना का नया बेस 'आईएनएस अरावली'

नौसेनाप्रमुख बोले, बल को मिलने वाले प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहयोग में और अधिक इजाफा देखने को मिलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पड़ने वाले गुरुग्राम में भारतीय नौसेना को उसका नया बेस 'आईएनएस अरावली' मिल गया है। शुक्रवार को नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में इसे बल के बेड़े में आधिकारिक रूप से शामिल (कमीशन) किया गया। नौसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि इस बाबत आयोजित किए गए एक समारोह की शुरुआत नौसेनाप्रमुख को बल के 50 कर्मियों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ आर्नर के साथ हुई। जिसके बाद यूनिट के पहले कमांडिंग अधिकारी (सीओ) कैप्टन सचिन कुमार सिंह ने बेस के कमीशन वारंट का उच्चारण किया। इस दौरान उन्होंने संस्कृत भाषा का भी प्रयोग किया। बेस के बैज का उद्घाटन नौसेनाप्रमुख की पत्नी श्रीमती शशि त्रिपाठी ने किया। इसके बाद नौसैन्य ध्वज को राष्ट्रीय गान के साथ बेस के ऊपर फहराया गया। समारोह में उप नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन, वाइस एडमिरल तरुण सोबती और बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



### अरावली पर्वत श्रृंखला से लिया गया नाम

नौसेना ने कहा कि इस बेस का नाम क्षेत्र में पड़ने वाली अरावली पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। जिसकी मदद से नौसेना को सूचना और संचार केंद्रों को मदद प्रदान करने में आसानी होगी। जो बल के अहम कमांड, कंट्रोल और समुद्री क्षेत्र जागरूकता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बेस का आदर्श वाक्य 'सामुद्रिकसुरक्षायाः सहयोगं' है। जिसे आसान शब्दों में सहयोग से समुद्री सुरक्षा के रूप में समझा जा सकता है। बेस का शिखर मजबूत अरावली रेंज को प्रदर्शित करता है। इसके केंद्र में अरावली पर्वत का चित्र भी लगाया गया है।

### प्रशासनिक, लॉजिस्टिक सहयोग बढ़ेगा

नौसेनाप्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि इस नए बेस की मदद से हमें मिलने वाले प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहयोग में इजाफा होगा। जिससे आवश्यकता पड़ने पर निर्बाध गति से नौसैन्य अभियानों का संचालन किया जा सकेगा। यह नया ठिकाना न केवल तकनीक का हब बनेगा। बल्कि यह हमारे प्लेटफार्म और समूचे महासागरीय क्षेत्र (आईओआर) में तमाम भागीदारों के बीच एक अहम संपर्क सूत्र का भी काम करेगा। उन्होंने कहा कि आईएनएस अरावली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महासागर विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाता हुआ नजर आता है। जो भारत की हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में एक भरोसेमंद और प्रमुख सुरक्षा प्रदाता की भूमिका को भी और अधिक मजबूती प्रदान करता है। एडमिरल त्रिपाठी ने नए बेस की शुरुआत को लेकर इसके कमांडिंग अधिकारी और चालक दल के अन्य सदस्यों को बधाई दी। साथ ही उनसे नौसेना के ड्यूटी, सम्मान और साहस के मूल सिद्धांतों पर हमेशा खरा उतरने का आह्वान किया।

---

बॉम्बे हाईकोर्ट को मिली धमकी, बम निरोधक दस्ते और डॉक स्क्वॉड की ली मदद

## इमारत में होगा बम विस्फोट, तलाशी में कुछ भी नहीं मिला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिल्ली के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मौके पर बम निरोधक दस्ता पहुंचा। पूरे परिसर को खाली कराया गया। चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। हालांकि, कड़ी जांच में कुछ भी नहीं मिला। इससे पहले पुलिस ने बताया कि बॉम्बे हाईकोर्ट प्रशासन को शुक्रवार दोपहर बम की धमकी वाला एक ईमेल मिला, जिससे अफरा-तफरी मच गई और सुनवाई स्थगित करनी पड़ी।

ईमेल मिलने के बाद हाईकोर्ट परिसर को खाली करा लिया गया और तलाशी अभियान शुरू किया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'धमकी भरा ईमेल बॉम्बे हाईकोर्ट के आधिकारिक ईमेल पते पर आया था, जिसमें इमारत में बम विस्फोट की चेतावनी दी गई थी।'

### परिसर खाली करवाया

*उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिसकर्मी हाईकोर्ट पहुंचे और एहतियात के तौर पर सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को परिसर खाली करने को कहा गया। अधिकारी ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अनुसार इमारत को खाली करा लिया गया। बम निरोधक दस्ते (बीडीडीएस) और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में*



*शहर के कई प्रमुख प्रतिष्ठानों और स्कूलों को इसी तरह की बम धमकियां मिली हैं, लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है।*

---

इटली में हुआ तटरक्षक बल का वैश्विक सम्मेलन

## भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का कड़ा मुकाबला करने पर दिया जोर, भूमिका बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षक बल के चौथे दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को रोम (इटली) में समापन हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो तटरक्षक सहयोग के लिए प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में इसकी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने संबोधन में समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। आईसीजी के महानिदेशक ने 'आग के खिलाफ संरक्षकः अग्नि आपात स्थितियों के लिए आईसीजी की सामरिक प्रतिक्रिया' शीर्षक से एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। उन्होंने समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। भारतीय तटरक्षक बल ने 2027 में होने वाले 5वें तटरक्षक वैश्विक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता के लिए दावेदारी करने की इच्छा जताई है, जो वैश्विक समुद्री शासन को मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुरक्षित समुद्रों के लिए सामूहिक एजेंडे को आकार देने में आईसीजी प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। सम्मेलन समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

---

पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन कर लौट रहे थे आंध्र प्रदेश से गए श्रद्धालु

## तोड़फोड़ और लूटपाट की गई, कई पर्यटक घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में भारतीय पर्यटकों की बस पर हमला किया गया। हमलावरों ने बस के शीशे तोड़ दिए। साथ ही यात्रियों से लूटपाट की। पर्यटक पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे। हमले में कई पर्यटक घायल भी हुए हैं। सभी पर्यटक आंध्र प्रदेश से थे।

नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ चल रहे जेन जी के प्रदर्शन का सामना भारतीय पर्यटकों को भी करना पड़ा। आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने काठमांडू गए थे। श्रद्धालु यूपी नंबर से पंजीकृत बस में सवार थे। बस ड्राइवर राज ने बताया कि जब बस भारत की ओर वापस लौट रही थी तो भीड़ ने हमला कर दिया।

नेपाल में बस पर हमला किया



### नेपाल सेना के जवानों ने की मदद, घायलों का इलाज जारी

*बस के एक कर्मचारी ने बताया कि हमलावरों ने पत्थरों से बस के सारे शीशे तोड़ दिए और सामान लूट लिया। बस क्षतिग्रस्त हालत में गुरुवार शाम को यूपी में महाराजगंज के पास सोनौली बॉर्डर पर पहुंची। हमले में सात से आठ यात्री घायल हो गए। नेपाली सेना के जवान मदद के लिए आए।*

### वॉलीबॉल टीम को सुरक्षित निकाला

नेपाल में भड़के हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत की एक वॉलीबॉल टीम को काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने सुरक्षित निकाल लिया है। जानकारी के मुताबिक, दूतावास लगातार टीम से संपर्क में रहा और उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की व्यवस्था की। अधिकांश टीम के सदस्य भारत लौट चुके हैं, जबकि शेष सदस्यों के वापस आने के लिए व्यवस्था की जा रही है। बता दें, टीवी प्रेजेंटर और वॉलीबॉल लीग की होस्ट उपासना गिल ने सोशल मीडिया के जरिये एक आपातकालीन वीडियो बनाया था और भारतीय सरकार से उन्हें और टीम को बचाने की अपील की थी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109